✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 42 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 8 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



अररिया में आयोजित सहयोग शिविर कार्यक्रम में भाग लेते सीएम सम्राट चौधरी

घुसपैठ-आतंक के लिए बिहार में जगह नहीं : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अररिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को अररिया के फारबिसगंज प्रखंड स्थित हरिपुर पंचायत पहुंचे। यहां आयोजित जन सहयोग शिविर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं दो बातों पर समझौता नहीं करता, घुसपैठिया और आतंकवाद के लिए बिहार में कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण के दौरान कहा कि कोई भी अपराधी हो, उससे कोई समझौता नहीं हो सकता। अपराधियों को बिहार छोड़ना होगा। बिहार में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ को



किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के लिए भी बिहार में कोई स्थान नहीं है। सरकार सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। इस दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने फारबिसगंज में एयरपोर्ट निर्माण को लेकर भी लोगों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र में एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी ताकि सीमांचल के लोगों को बेहतर हवाई संपर्क की सुविधा मिल सके। वहीं, कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने मीट फैक्ट्री बंद करने की मांग को लेकर पोस्टर दिखाए और हंगामा किया। इस दौरान मंच से अररिया सांसद प्रदीप सिंह ने कहा, मीट फैक्ट्री के कारण लोगों को काफी दुर्गंध आती है, ये बंद होनी चाहिए। इसकी जानकारी सीएम को मिल गई है। सीएम ने कहा, अगर फैक्ट्री अवैध है तो जांच कर उसे अविलंब बंद किया जाएगा। इसके साथ ही अगर क्षेत्र को प्रदूषित कर रहा है तो उसकी जांच भी प्रदूषण डिपार्टमेंट से करने की बात कही है। सम्राट चौधरी ने डीएम को जांच करने को कहा है। शिविर में राजस्व भूमि सुधार, आवास योजना, शौचालय निर्माण, राशन कार्ड और लोक शिकायत निवारण से संबंधित आवेदनों का ऑन द स्पॉट भी निपटारा किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, बैंक, जीविका और आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल भी लगाए गए, जहां लोगों के बीच से आई समस्याओं का निपटारा भी किया गया।

बिहार-नेपाल सीमा पर यूक्रेन की महिला गिरफ्तार

मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)। पूर्वी चंपारण जिले के बिहार-नेपाल सीमा क्षेत्र से एक विदेशी महिला को अवैध प्रवास के आरोप में हिरासत में लिया गया है। 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की टीम ने हरपुर बीओपी के पास गश्ती के दौरान यूक्रेन की रहने वाली इस महिला को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। जांच में सामने आया कि महिला का भारतीय वीजा वर्ष 2022 में ही समाप्त हो चुका था। जानकारी के अनुसार 6 जुलाई 2026 की शाम करीब 6:30 बजे उप निरीक्षक मयंक सिद्धू अपनी गश्ती टीम के साथ सीमा स्तंभ संख्या-388 की ओर नियमित गश्त पर निकले थे। इसी दौरान बीओपी हरपुर के मुख्य गेट के पास एक विदेशी महिला संदिग्ध हालत में बैठी दिखाई दी। पूछताछ में उसने अपना नाम ओक्साना शेवत्सोवा बताया और स्वयं को यूक्रेन की निवासी और इंजीनियर बताया।

औरंगाबाद का टॉप-10 वांटेड अपराधी प्रिंस कुमार सहयोगी समेत पटना से गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने औरंगाबाद जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी प्रिंस कुमार को उसके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने उनके पास से 26.50 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, बिहार एसटीएफ और पटना पुलिस की विशेष टीम ने परसा बाजार थाना क्षेत्र में छापेमारी कर औरंगाबाद नगर थाना में दर्ज एक मामले के वांछित अभियुक्त प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया। प्रिंस कुमार जहानाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र के हसौड़ापर गांव का निवासी है। उसके साथ ऋषि कुमार उर्फ आभास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया, जो मूल रूप से नालंदा जिले के एकंगरसराय थाना क्षेत्र के रानी मुंडीपुर का रहने वाला है और वर्तमान में जहानाबाद में रह रहा था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 26.50 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) और दो मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस बरामद मादक पदार्थ के नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी प्रिंस कुमार एक शातिर एवं आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ औरंगाबाद, जहानाबाद, गया तथा भोजपुर जिलों के विभिन्न थानों में रंगदारी, लूट, डकैती, अपहरण, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत करीब 10 संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

बांकीपुर से अभिषेक कुमार होंगे भाजपा उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की सबसे चर्चित बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने अभिषेक कुमार को मैदान में उतारा है। अब 9 जुलाई को एनडीए प्रत्याशी अभिषेक कुमार अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। बांकीपुर उपचुनाव को राज्य की सबसे हाई-प्रोफाइल राजनीतिक लड़ाइयों में माना जा रहा है। अभिषेक कुमार कायस्थ जाति से आते हैं। वे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के करीबी माने जाते हैं। वे वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। इससे पहले अभिषेक पटना महानगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वे नितिन नवीन के साथ अलग-अलग कार्यक्रमों की जिम्मेदारी भी निभाते रहे हैं।

एनडीए की बैठक 10 को, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 10 जुलाई को एनडीए घटक दलों की बड़ी बैठक बुलाई है। सीएम आवास में यह बैठक होगी, जिसमें सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा होगी और आगे की रणनीति तैयार होगी। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। घटक दलों के बीच एकजुटता दिखाने की भी कोशिश होगी। एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक को लेकर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि एनडीए के पांचों घटक दलों के सभी जिला अध्यक्ष इस बैठक में मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बैठक होगी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस बैठक में शामिल होंगे। इस सवाल पर संजय झा ने कहा कि पांचों दलों के बीच कोऑर्डिनेशन की कहीं से कोई समस्या नहीं है। पांचों दलों के बीच कोऑर्डिनेशन तो बहुत अच्छा है। विधानसभा चुनाव में सब ने देखा भी है। आपसी समन्वय निचले स्तर तक हो, इसकी कोशिश होगी और सरकार के कामकाज पर भी चर्चा होगी। वहीं एक सवाल के जवाब में जदयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह भी कहा कि देश संविधान के हिसाब से ही चलेगा हम लोग तो संविधान मानने वाले लोग हैं। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पहली बार इस तरह की बैठक हो रही है जिसमें एनडीए के पांचों घटक दल भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हम पार्टी के बड़े नेताओं के साथ जिला अध्यक्ष तक इस बैठक में मौजूद रहेंगे।

रिश्वत लेते आपूर्ति विभाग का क्लर्क गिरफ्तार

हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)। वैशाली जिला मुख्यालय हाजीपुर में मंगलवार को करीब शाम 4:30 बजे हाजीपुर समाहरणालय परिसर में उस समय अचानक हड़कंप मच गया, जब राज्य निगरानी विभाग की विशेष धावा दल की टीम ने अनुमंडल कार्यालय स्थित आपूर्ति कार्यालय में औचक कार्रवाई की। इस गुप्त कार्रवाई के दौरान टीम ने कार्यालय के एक कर्मी को कथित तौर पर दो हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ रंगेहाथ पकड़ लिया। निगरानी विभाग के आधिकारिक सूत्रों से मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए क्लर्क कर्मी की पहचान आपूर्ति विभाग के सौरभ सुमन के रूप में हुई है। निगरानी विभाग की टीम आरोपी कर्मी को तुरंत अपनी हिरासत में लेकर गुप्त स्थान पर चली गई है और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। निगरानी ब्यूरो की इस औचक और त्वरित कार्रवाई के दौरान समाहरणालय परिसर में काफी देर तक प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता के बीच अफरातफरी का माहौल बना रहा। इस बड़ी कार्रवाई को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और विभिन्न विभागों के कर्मी मौके पर जुट गए जिससे कार्यालय का काम भी कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ।

NATIONAL STAKEHOLDERS CONSULTATION


IT, AI & E-GOVERNANCE | INDUSTRIAL & INVESTMENT PROMOTION | TOURISM



EXPLORE INFINITE OPPORTUNITIES

8TH & 9TH JULY 2026

NEW DELHI



HEMANT SOREN
CHIEF MINISTER, JHARKHAND

INFORMATION & PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT, GOVERNMENT OF JHARKHAND

PR-384328 (IPRD) 26-27

प्रेम कुमार ने की बिहार विधानसभा संग्रहालय के निर्माण की समीक्षा

दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में निर्माणाधीन बिहार विधानसभा संग्रहालय की प्रगति की समीक्षा के लिए भवन निर्माण विभाग और विधानसभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में संग्रहालय निर्माण की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना और संग्रहालय को आधुनिक स्वरूप देने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।



बैठक के दौरान भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता शशि कांत ने संग्रहालय निर्माण की अद्यतन प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना का प्लिंथ स्तर तक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि शेष निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में विभागीय टीम ने निर्माणाधीन संग्रहालय का त्रि-आयामी (थ्री-डी) प्रस्तुतीकरण भी प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण देखने के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने निर्देश दिया कि अगली समीक्षा बैठक में संग्रहालय का विभिन्न स्वरूपों में और अधिक विस्तृत त्रि-आयामी प्रस्तुतीकरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि निर्माण और आंतरिक संरचना से जुड़े सभी पहलुओं का बेहतर आकलन किया जा सके। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया कि एक विशेषज्ञ टीम को नई दिल्ली स्थित संसद भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय का अध्ययन करने के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि वहां की संग्रहालय व्यवस्था, प्रदर्शनी तकनीक, आगंतुक सुविधाओं और आधुनिक प्रस्तुतीकरण प्रणाली का विस्तृत अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार की जाए। इस रिपोर्ट के आधार पर बिहार विधानसभा संग्रहालय की आगामी रूपरेखा और सुविधाओं को अंतिम रूप देने पर विचार किया जाएगा। बैठक में संग्रहालय को आधुनिक, आकर्षक और ऐतिहासिक दृष्टि से समृद्ध बनाने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि यह बिहार की संसदीय परंपरा, लोकतांत्रिक विरासत और विधानसभा के इतिहास को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने वाला महत्वपूर्ण केंद्र बन सके।

विधानसभा अध्यक्ष ने की प्रबोधन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में 11 और 12 जुलाई 2026 को गया स्थित बिपार्ड में नव निर्वाचित विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस संबंध में प्राइड, लोकसभा तथा बिहार विधानसभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राइड के पदाधिकारियों के साथ प्रबोधन कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के लिए रिसोर्स पर्सन और विशेषज्ञों की सूची तैयार करने, संसद टीवी के माध्यम से कार्यक्रम के सीधा प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के दौरान लोकसभा की संस्था प्राइड के प्रशिक्षक विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से नव निर्वाचित सदस्यों को विधायी कार्यों के विविध पहलुओं की जानकारी देंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में संसदीय प्रक्रिया, नियम एवं औपचारिकताएं, सदस्यों के कर्तव्य और उनके लिए निर्धारित आचार संहिता, प्रश्नोत्तर काल, लोक महत्व के विषयों से संबंधित सूचनाएं, प्रक्रियात्मक नियम एवं प्रावधान, संसदीय कार्य व्यवहार में आधुनिक तकनीक के उपयोग तथा नेवा के योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यावहारिक, उपयोगी और प्रभावी बनाया जाए, ताकि नव निर्वाचित सदस्य सदन की कार्यवाही, संसदीय परंपराओं और विधायी प्रक्रियाओं की बेहतर समझ विकसित कर अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

सूर्यमुखी की खेती एवं मधुमक्खी पालन किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रभावी पहल : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन के अंतर्गत राज्य में सूर्यमुखी की खेती के साथ मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण रोजगार सृजित करने तथा खाद्य तेलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। और इसके काफी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में जब फूलों की उपलब्धता कम हो जाती है, तब सूर्यमुखी की फसल मधुमक्खियों के लिए प्राकृतिक अमृत (नेक्टर) एवं पराग का महत्वपूर्ण स्रोत बनती



है। इससे मधुमक्खी कॉलोनियों का संरक्षण होता है तथा उच्च गुणवत्ता वाले शहद के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलता है। दूसरी ओर मधुमक्खियों द्वारा प्राकृतिक परागण से सूर्यमुखी की फसल में दानों का भराव बेहतर होता है, बीजों की गुणवत्ता में सुधार आता है तथा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। यह मॉडल किसानों और मधुमक्खी पालकों दोनों के लिए समान रूप से लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनर्जीवन भारत के लिए एक वरदान : प्रो रणवीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बी डी कॉलेज, मीठापुर भारतीय भाषा दिवस के सप्ताह व्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत बी डी कॉलेज, मीठापुर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दक्षिण बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'भारतीय ज्ञान परम्परा : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के परिप्रेक्ष्य में विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात शिक्षाविदों के साथ ही संस्थान के प्राध्यापक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को



आधुनिक शिक्षा प्रणाली में शामिल करने पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रो. अरुण कुमार सिंह ने अपने बीज वक्तव्य में विषय की पृष्ठभूमि साझा की। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत का गौरव नहीं है, बल्कि इसमें भविष्य की वैश्विक समस्याओं के समाधान छिपे हैं। एनईपी 2020 हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का ऐतिहासिक अवसर देती है। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की कार्यशैली एवं पृष्ठभूमि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रो. रणवीर नंदन ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यावहारिक क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान, गणित, दर्शन और पर्यावरण के क्षेत्र में भारत का प्राचीन ज्ञान अत्यंत समृद्ध रहा है।

बांकीपुर में दिखेगी एनडीए की अटूट एकजुटता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पूरी तरह से एकजुट और मजबूत है। इसकी सबसे स्पष्ट झलक बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल साझा लक्ष्य, बेहतर समन्वय और पूर्ण विश्वास के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। जनता एक बार फिर विकास, सुशासन और स्थिर सरकार के पक्ष में अपना जनादेश देगी। डॉ. सुमन ने कहा कि बांकीपुर का चुनाव आरोप-प्रत्यारोप, अफवाह और दुष्प्रचार का नहीं, बल्कि विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर लड़ा जाएगा। एनडीए सरकार ने बिहार में सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में लगातार काम किया है।

राहुल गांधी का पटना दौरा सिर्फ एक राजनीतिक पाखंड

देश और बिहार की जनता को गुमराह करने की कोशिश: मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के आगामी 15 जुलाई के पटना दौरे पर तीखा हमला बोला है। श्री पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी का यह प्रस्तावित छात्र सम्मेलन युवाओं के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि देश और बिहार की जनता को गुमराह करने और अपनी नकारात्मक राजनीति को चमकाने का एक असफल प्रयास है। देश की जनता भली-भांति जानती है कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी ने हमेशा एक नकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाई है। बिहार की जागरूक जनता और यहां के युवा उनके इस बहकावे में आने वाले नहीं हैं। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार युवाओं के रोजगार, शिक्षा और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार की इस पारदर्शी पहल के तहत अब तक देश के लाखों युवाओं को सीधे सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं। बजट में घोषित विकसित भारत रोजगार योजना के जरिए अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार पैदा करने का लक्ष्य है। देश की टॉप कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को पेड इंटर्नशिप दी जा रही है जिसमें 9,000 प्रति माह स्टाइपेंड का प्रावधान है। कांग्रेस के छात्र सम्मेलन पर तंज कसते हुए श्री पांडेय ने कहा कि जिस पार्टी का बिहार में संगठन पूरी तरह शून्य हो चुका है और जिसके पास जनता के लिए कोई नीति या एजेंडा नहीं है, वह आज युवाओं की बात कर रही है।

सरकारी कर्मचारियों के हित में बिहार सरकार और एस. बी. आई. के बीच सैलरी पैकेज का नवीनीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय स्टेट बैंक एवं बिहार सरकार के बीच राज्य के सभी स्थायी एवं संविदा कर्मियों के लिए राज्य सरकार वेतन पैकेज (एस. जी. एस. पी.) हेतु समझौता ज्ञापन (एम. ओ. यू.) का नवीनीकरण किया गया। बिहार सरकार की ओर से रचना पाटील सचिव (व्यय), वित्त विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक की ओर से योगेन्द्र एन. शेल्के, महाप्रबंधक (दक्षिण बिहार) नेटवर्क के द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस एम. ओ. यू के तहत बिहार सरकार के लगभग 10 लाख स्थायी एवं संविदा कर्मी स्टेट



गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के विभिन्न विशेषताओं जैसे दुर्घटना बीमा, टर्म इंश्योरेंस, ऋण ब्याज दरों में छूट के साथ-साथ और भी कई आकर्षक छूट से लाभान्वित होंगे। ज्ञात हो कि गत वर्ष बिहार सरकार के लगभग 92 कर्मचारियों के आश्रितों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मो. इस्तबा हुसैन अपर सचिव, वित्त विभाग, राजेश्वर प्रसाद रजक, अवर सचिव (संस्थागत वित्त), मनीष कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक, एस. बी. आई. पटना मंडल, कुमुद शर्मा, सहायक महाप्रबंधक, सचिवालय शाखा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राजस्व न्यायालयों में अब केवल ऑनलाइन साक्ष्य ही होंगे स्वीकार

मंत्री के निर्देश पर लिया गया राजस्व विभाग में बड़ा फैसला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व न्यायालयों में लंबित एवं नए मामलों के निष्पादन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विभाग के सचिव जय सिंह ने राज्य के सभी समाहर्ताओं, अपर समाहर्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्ताओं एवं अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के तहत दायर किसी भी वाद की सुनवाई के दौरान आवेदक या विपक्षी से किसी भी प्रकार का भौतिक साक्ष्य अथवा दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार राजस्व न्यायालयों को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक आधारित और नागरिक हितैषी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आरसीएमएस की व्यवस्था का उद्देश्य ही यह है कि पूरी न्यायिक प्रक्रिया ऑनलाइन, जवाबदेह और भ्रष्टाचारमुक्त हो। किसी भी स्तर पर भौतिक दस्तावेज लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। सभी अधिकारी निर्धारित व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में शुरू होगा बीसीए का नामांकन : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जंदाहा (वैशाली)। क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में शीघ्र ही बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी. ए.) पाठ्यक्रम में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसकी जानकारी संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने दी। डॉ. झा ने बताया कि वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में योग्य युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीसीए पाठ्यक्रम शुरू करने की पहल की जा रही है।



इससे वैशाली एवं आसपास के जिलों के छात्रों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीसीए पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, वेब टेक्नोलॉजी, डेटाबेस मैनेजमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी तथा आधुनिक आईटी तकनीकों का व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में बेहतर करियर बना सकें। डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि नामांकन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की घोषणा शीघ्र ही संस्थान द्वारा की जाएगी। उन्होंने इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों से समय पर नामांकन कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

विश्व जूनोटिक रोग दिवस पर सैकड़ों श्वानो और बिल्लियों का निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। विश्व जूनोटिक रोग दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था के बैनर तले और एनिमो पेट केयर एंड रिसर्च सेंटर, पटना के नेतृत्व में निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण और जन-जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल सैकड़ों श्वानो और बिल्लियों का पूर्ण रूप से निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेबीज जैसी जानलेवा जूनोटिक बीमारी की रोकथाम करना था। साथ ही पशुपालकों और आम नागरिकों को पशुओं से फैलने वाले रोगों के प्रति जागरूक करना भी इसका लक्ष्य रहा। विश्व जूनोटिक रोग दिवस का संदेश है कि पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों के प्रति समाज को जागरूक किया जाए। चिकित्सकों के अनुसार रेबीज को नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी तरीका पालतू और आवारा कुत्तों का नियमित टीकाकरण है। संपूर्ण टीकाकरण अभियान डॉ विकास शर्मा की देखरेख में हुआ। उनके साथ एनिमो परिवार के सदस्य शंभू शर्मा, शंभू जूनियर, अग्निवेश, गोलू, लव और करू शर्मा ने कुत्तों और बिल्लियों को एंटी-रेबीज टीका लगाया।

क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्त्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

सांसदगण एवं सदस्यों से प्राप्त हुए बहुमूल्य सुझाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। पटना में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 6 सांसदगण, 1 विधायक एवं जेड.आर.यू.सी.सी. के अन्य 30 सदस्यों ने भाग लिया एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा जन-आकांक्षाओं से जुड़े मुद्दों के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये जिस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गंभीरता से विचार करने की बात कही गयी। आज की बैठक में सांसदगण उपेन्द्र कुशवाहा, रामप्रीत मंडल, अशोक कुमार यादव, चन्द्र प्रकाश चौधरी, विष्णु दयाल राम, सांसद शांभवी एवं विधायक रामनिवास शाह सहित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के अन्य सदस्यगण ने पूर्व मध्य रेल



क्षेत्राधिकार में रेल अवसंरचना के विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी आदि के संबंध में अपना बहुमूल्य सुझाव दिए। सदस्यों ने रेलवे द्वारा की जा रही नई लाईनों के निर्माण, दोहरीकरण, स्टेशनों के पुनर्विकास जैसे आधारभूत संरचना के कार्यों में तेजी आने पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने वंदे भारत, अमृत भारत के साथ ही नई ट्रेनों के परिचालन एवं विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के दिए गए ठहराव हेतु रेलवे का आभार व्यक्त किया। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण, विधायक एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हम उत्कृष्ट कार्य निष्पादन तथा कार्यक्षेत्र में दक्षता को बढ़ाकर इस क्षेत्रीय रेल को निरंतर आगे बढ़ाने की ओर सदा अग्रसर हैं और इस दिशा में 'यात्री सुविधा' हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सेवाओं से संबंधित मामलों पर परामर्श, यात्री सेवाओं की गुणवत्ता तथा दक्षता में सुधार आदि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को यात्रियों के प्रति और ज्यादा अनुकूल एवं लाभदायक बनाने के लिए जेड.आर.यु.सी.सी. के सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के अंत में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमने आपके बहुमूल्य सुझावों को नोट किया है जिससे हमें काफी मार्गदर्शन मिला है। महाप्रबंधक ने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी। अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने सभी सदस्यों को बैठक में अपना बहुमूल्य समय निकाल कर भाग लेने तथा सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए. निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स इलयप्पन टी सिक्यूरिटी एजेंसी के अंतर्गत बीपीसीएल पंजीकृत बीमित व्यक्ति स्व. गंगेश झा जो बेगूसराय में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-रानी सुदेषणा, सुपुत्री - कशिश प्रिया, सुपुत्री- आदिति प्रिया एवं सुपुत्र- देवांश कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. गंगेश झा की मृत्यु 09-08-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 598 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.17940/- आश्रितों को मिलेगा।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया जी में 'बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह एवं रमाबल्लभप्रसाद सिंह स्मृति व्याख्यान' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया जी। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया जी के स्वामी विवेकानंद सभागार में 'बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह एवं रमाबल्लभ प्रसाद सिंह (बाला बाबू) स्मृति व्याख्यान' का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम के शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी. के. मंगलम थे। के.एल.एस. कॉलेज,



नवादा के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शैलज कुमार श्रीवास्तव ने अपने विशिष्ट व्याख्यान में महाविद्यालय के संस्थापक सचिव स्वर्गीय रमाबल्लभ सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विस्तृत विश्लेषण करते हुए उनके आदर्शों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता के रूप में जयप्रकाश नारायण, विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व प्रति कुलपति डॉ लक्ष्मीनारायण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह एवं श्री रमाबल्लभ प्रसाद सिंह (बाला बाबू) का जीवन जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्मृति व्याख्यान युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास और प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं।

कृषि और श्रम संसाधन पदाधिकारियों को सीसीए रूल-2005 के अनुप्रयोग का प्रशिक्षण

दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। सरकारी सेवक के खिलाफ कदाचार के मामले में दो दंड (सेवाच्युति और बरखास्तगी) नियुक्ति प्राधिकार का अधीनस्थ नहीं देगा। यह दोनों दंड देने की शक्तियां नियुक्ति करने वाला या उससे ऊपर के प्राधिकार के पास होंगी। यह जानकारी सोमवार को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के सभागार में आयोजित बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील (सीसीए) नियमावली 2005 के अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित कृषि, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को दी गई। कार्यक्रम बिहार मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण सत्र में बतौर प्रशिक्षण पदाधिकारी सतीश तिवारी ने कहा कि सरकारी सेवक के खिलाफ किसी प्रकरण में न्यायालय में संदेह से परे आरोप प्रमाणित होने की स्थिति में अर्धन्यायिक जांच की कोई औचित्य नहीं है। यानी न्यायालय में आरोप प्रमाणित होने की स्थिति में उसे सीधे दंड दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीसीए रूल की आत्मा आर्टिकल-311 है इसलिए किसी भी सरकारी सेवक के खिलाफ कदाचार के मामले में की जाने वाली अनुशासनिक कार्रवाई के क्रम में प्रावधानों को गंभीरता से लागू करना चाहिए।

राज्य में बड़े पैमाने पर होगी शिमला मिर्च और स्वीट कॉर्न की खेती, सहकारिता विभाग ने की बड़ी पहल

सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने किया था राज्य में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने पर 29 जून से 6 जुलाई तक राज्य में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में 6 जुलाई को सहकारिता सप्ताह के समापन के अवसर पर शास्त्री नगर स्थित दीपनारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में राज्य की प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों को सशक्त करने और उनकी आय में वृद्धि के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। माना जा रहा है कि सहकारिता की मदद से राज्य में सब्जी उत्पादक किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने और सब्जी उत्पादन में बिहार को पहचान दिलाने में मदद मिलेगी। 'हर थाली में बिहारी तरकारी' के मूल मंत्र को साकार करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन सहकारिता विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड द्वारा किया गया था। इस दौरान पीवीसीएस के अध्यक्षों एवं प्रगतिशील किसानों को शिमला मिर्च एवं स्वीट कॉर्न की क्लस्टर फार्मिंग के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही वेजफेड के अंतर्गत किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकें अपनाने, गुणवत्तापूर्ण बीज और पौधे उपलब्ध कराने सहित प्रसंस्करण एवं विपणन की बेहतर सुविधाएं प्रदान करने से संबंधित जानकारी दी गई। विभाग का मानना है कि इससे राज्य के किसानों की मेहनत, लगन, राज्य की मिट्टी की उर्वरता और बिहार सरकार की दूरदर्शी सोच का समुचित उपयोग हो सकेगा। इस कार्यशाला में पीवीसीएस को क्रियाशील करने के लिए उन्हें कार्यशील पूंजी एवं सब्जियों के परिवहन के लिए वाहन उपलब्ध कराने की बात कही गई।

इंद्रपुरी बराज से नहरों में छोड़ा गया 14637 क्यूसेक पानी

नहरों के अंतिम छोर तक पहुंचा पानी, धान की रोपनी में आई तेजी, नहीं होगी पानी की कमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। इंद्रपुरी बराज से नहरों में मंगलवार को छोड़ा गया 14637 क्यूसेक पानी-नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंच रहा है।

धान की रोपनी में आई तेजी

आई। उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से आज सोन नदी मे 5082 व मध्य प्रदेश के बाणसागर से 4609 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से 21870 क्यूसेक पानी पहुंचा है। इंद्रपुरी बराज से आज पश्चिमी संयोजक नहर में 10530 व पूर्वी संयोजक नहर में 4007 कुल 14637 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। शाहाबाद क्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, औरंगाबाद,



अरवल व पटना जिलों के नहरों, शाखा नहरों व वितरणियों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचने से धान की रोपनी में तेजी आई है। इससे नहरों की क्षमता के अनुरूप सातों जिलों में छोड़ा गया है। इससे धान की खेती को और बढ़ावा मिलेगा।

कुछ वितरणी के अंतिम छोड़ तक नहीं पहुंचा पानी

भोजपुर वितरणी की लम्बाई 50.65 किमी है अभी 47 किमी पानी पंहुचा है। वही कटैया वितरणी की दूरी 34.40 मे 32 किमी ही पानी पहुंचा है।

कहते हैं अधिकारी

जल संसाधन विभाग के मोनेटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार मांग के अनुसार रिहंद व बाणसागर से मांग के अनुसार पानी की आपूर्ति की जा रही है। एकाध को छोड़ अधिकतर नहरों मे पानी अंतिम छोर तक पहुंच गया है। विभागीय अधिकारी नहरों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

नहर - पानी की आपूर्ति		
पश्चिमी संयोजक नहर	-	10503
पूर्वी संयोजक नहर	-	4007
उच्चस्तरीय नहर	-	2036
बक्सर मुख्य नहर	-	4486
आरा मुख्य नहर	-	4175
डुमराव शाखा नहर	-	1234
लहठान वितरण	-	140
बिहिया शाखा नहर	-	766
कटैया वितरणी	-	242
कोईलवर वितरणी	-	290
जैतपुर वितरणी	-	110
बक्सर शाखा नहर	-	1817
भोजपुर वितरणी	-	450
चौसा शाखा नहर	-	1202
गारा चौबे शाखा नहर	-	1398
कारगहर वितरणी	-	508

आरपीएफ ने की ट्रेन से 132 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) डिहरी ऑन-सोन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 02398 डाउन के दिव्यांग कोच से भारी मात्रा में लावारिश अंग्रेजी शराब बरामद की। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 1,42,300 रुपये बताई गई है। जब्त शराब को अग्रिम कार्रवाई के लिए रेल थाना सोननगर को सौंप दिया गया। आरपीएफ को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त डीडीयू दिनेश सिंह तोमर के निर्देशन में पोस्ट प्रभारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में उप निरीक्षक अमरजीत दास, उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, उमेश कुमार सिंह, मुन्ना कुमार गौंड एवं दीपेश कुमार शामिल थे। आरपीएफ टीम ने गाड़ी संख्या 02398 डाउन के पीछे स्थित दिव्यांग कोच की डिहरी ऑन सोन से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन तक सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोच के शौचालय के ऊपर प्लाईवुड के अंदर छिपाकर रखी गई 115 बोतल रॉयल स्टैग और 61 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड सहित कुल 132 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर शराब को प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर उतारकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद उप निरीक्षक मनोज कुमार द्वारा लिखित शिकायत के साथ जब्त शराब को आगे की कार्रवाई के लिए रेल थाना सोननगर के हवाले कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

मोबाइल-टीवी के दौर में रेडियो का जादू बरकरार, सोन किनारे 'किशनगंज की हलचल' के दीवाने हैं शंभू चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। आधुनिक दौर में जहां मोबाइल फोन और टीवी ने मनोरंजन व सूचना के अधिकांश साधनों की जगह ले ली है, वहीं आज भी कुछ लोग ऐसे हैं जिनके दिल में रेडियो के लिए वही पुराना लगाव कायम है। सोन नदी के किनारे स्थित शिवगंज निवासी रिक्शा चालक शंभु चौधरी रेडियो के ऐसे ही शौकीनों में शामिल हैं। शंभू चौधरी बताते हैं कि रेडियो की आवाज में जो अपनापन और आत्मीयता है, वह आज के आधुनिक माध्यमों में कम ही देखने को मिलती है। वे नियमित रूप से रेडियो पर प्रसारित होने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम 'किशनगंज की हलचल' सुनते हैं। उनका कहना है कि रेडियो पर पुराने सदाबहार गीतों का आनंद ही अलग होता है। उन्होंने कहा 'प्रेम दीवानी, दर्द न जाने कोई जैसे गीतों का जो आनंद रेडियो पर मिलता है, वह कहीं और नहीं मिलता।'

मौके पर मौजूद रामप्रसाद चौधरी, रमेश सिंह, राजाराम चौधरी आदि ने बताया कि शंभू चौधरी जिन्हें लोग प्यार से 'झंडू' भी कहते हैं, रेडियो सुनने के बेहद शौकीन हैं। वे प्रतिदिन समाचार और विभिन्न कार्यक्रम सुनते हैं तथा आसपास के लोगों को भी महत्वपूर्ण खबरों से अवगत कराते रहते हैं। तकनीक के इस तेजी से बदलते दौर में शंभू चौधरी जैसे लोगों का रेडियो के प्रति यह प्रेम इस बात का प्रमाण है कि सादगी, विश्वसनीयता और आत्मीयता के कारण रेडियो आज भी लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बनाए हुए है।

सहयोग शिविर में एसपी की अपील, नाबालिग बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा पर दें विशेष ध्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। बिहार सरकार के निर्देश पर जिले की सभी पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर अभियान के तहत मंगलवार को डिहरी प्रखंड की भैंसहां पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मूसलाधार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर महिलाओं ने शिविर में भाग लिया और विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर का उद्घाटन उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार, उप समाहर्ता विनय प्रताप सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार तथा पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुखिया मंजू देवी ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने अभिभावकों से नाबालिग बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम एवं बच्चों से जुड़े अपराधों की रोकथाम में समाज और परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय ने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभुकों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी तथा लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया।

इस दौरान पात्र लाभुकों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। वहीं राशन कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व संबंधी मामलों तथा लोहिया स्वच्छता मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए लाभुकों के खातों में राशि हस्तांतरित करने सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनता दल (यू) के जिला अध्यक्ष विंदा चंद्रवंशी, धनंजय सिंह, पंकज कुमार, शंकर दुबे, प्रदीप कुमार, रणजीत सिंह, राजेश कुमार, योगेंद्र चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने अधिकारियों की बातों को गंभीरता से सुना और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

बारिश से खिले किसान के चेहरे, धान रोपाई के लिए जुटे खेतों में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। सोमवार और मंगलवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी लौटा दी है और अब वे खेतों की ओर तेजी से बढ़ चले हैं क्योंकि धान की फसल की शुरुआत हो चुकी है और इस समय खेतों में भरपूर पानी की जरूरत होती है ताकि जुताई करके खेत तैयार किए जा सके और तैयार बिचड़ों की रोपाई समय पर की जा सके। मानसून के देर से आने के कारण पिछले कुछ दिनों से किसान थोड़े चिंतित थे और नमी की कमी से खेत तैयार करने में दिक्कत आ रही थी, लेकिन नहरों में पानी छोड़ने के साथ ही आसमान से भी बरसात शुरू हो जाने से अब किसानों को राहत मिली है। खेतों में ट्रैक्टर की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी है और गांव-गांव में लोग जुताई, पलेवा और बिचड़ा उखाड़ने के काम में जुट गए हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि धान की अच्छी पैदावार के लिए जुलाई के पहले और दूसरे सप्ताह में पर्याप्त नमी का होना जरूरी होता है और इस बार हुई बारिश से वही स्थिति बन गई है। मौसम विभाग के अनुसार 12 जुलाई तक मानसून सक्रिय रहने और अच्छी बारिश होने की संभावना है। विभाग का अनुमान है कि इसके बाद भी यदि रुक-रुक कर वर्षा होती रही तो धान की रोपाई का काम बिना किसी बाधा के पूरा हो जाएगा। किसानों का कहना है कि समय पर पानी मिलने से लागत भी कम आएगी और उपज भी बेहतर होगी। अभी खेतों में उमंग का माहौल है क्योंकि हर कोई चाहता है कि बरसात इसी तरह बनी रहे ताकि मेहनत का फल अच्छा मिले और इस बार धान की फसल से घर-आंगन फिर से खुशहाली से भर जाए।

पंचायत सहयोग शिविर आयोजित, लाभुकों को मिले प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। मंगलवार को मोहनी, कुसुम्हरा, जोन्ही सहित चार पंचायतों के लिए पंचायत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन वरीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। ग्राम पंचायत मोहनी में शिविर का उद्घाटन सहायक निदेशक, समाज कल्याण विभाग अफताब करीम, बीसीओ राजकुमार, जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह, मुखिया नीतू कुमारी एवं बीडीसी शारदा देवी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र राम ने अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया जिसके



बाद राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने शिविर के उद्देश्य एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के शिविरों का मुख्य मकसद आम जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लाभुकों एवं आवेदकों के बीच उत्पादन प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि शारदा देवी एवं नीतू कुमारी ने कहा कि वे तन, मन और धन से जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं और लोगों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ उठाएं। सहायक निदेशक समाज कल्याण अफताब करीम ने शिविर की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में बिहार गीत के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने पंचायत भवन परिसर में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर घुसिया खुर्द पंचायत के मुखिया विनय प्रकाश चौधरी, खैरा भूधर पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, पंचायत सचिव गुंजन कुमार, राजस्व कर्मचारी राजीव रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने पंचायत विकास दिवस की चर्चा करते हुए कहा कि 'सहयोग से ही समाधान संभव है' और ऐसे शिविरों से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा हो रहा है।

गोरैया बाबा मंदिर मार्ग पक्का, श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। अखंड क्षेत्र सूर्यपूरा के सूर्यपुरा पंचायत के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। सुर्यपुरा-भलुनी मुख्य मार्ग से गोरैया बाबा मंदिर तक जाने वाली संपर्क सड़क का निर्माण लगभग 8 लाख रुपये की लागत से पूरा कर लिया गया है जिसके बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पहले मंदिर तक पहुंचने के लिए लोगों को कच्ची पगडंडी और उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरना पड़ता था जिससे बरसात में कीचड़ और जलजमाव के कारण आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। मुखिया प्रमोद कुमार के अनुसार अब पक्की सड़क बन जाने से श्रद्धालु सालभर सुगमता से दर्शन करने पहुंच सकेंगे।

'भारतीय हरित सेना' की अनूठी पहल: 'पक्षी मित्र' अभियान की सफलता के बाद शुरू हुआ 'वृक्ष मित्र अभियान'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। कैमूर में पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में कार्यरत भारतीय हरित सेना ने वर्षा ऋतु के अवसर पर जिले में 'वृक्ष मित्र अभियान' की शुरुआत की है। संस्था ने इससे पहले भीषण गर्मी के दौरान बेजुबान पक्षियों के लिए पानी और दाना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'पक्षी मित्र अभियान' चलाया था जिसे लोगों का व्यापक समर्थन मिला था। संस्था ने बताया कि 'पक्षी मित्र' अभियान की सफलता से प्रेरित होकर अब मानसून के अनुकूल मौसम में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना है। वही अभियान को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए भारतीय हरित सेना ने लोगों से सावन माह में कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की है। युवाओं और आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए संस्था ने एक विशेष प्रतियोगिता की भी घोषणा की है। इसके तहत जो व्यक्ति सर्वाधिक पौधे लगाएगा और पौधारोपण करते हुए अपनी फोटो भारतीय हरित सेना के आधिकारिक इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर डायरेक्ट मैसेज करेगा, उसे संस्था की ओर से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। बता दें कि संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

अकोढ़ीगोला की दो पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को अकोढ़ीगोला प्रखंड की बघाखोह एवं बरूना पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं जिनके शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। बरूना पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर की अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी किशोर आनंद ने की। वहीं बघाखोह पंचायत में आयोजित शिविर की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार (एसडीएम) एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 (एसडीपीओ-2), डिहरी ने संयुक्त रूप से की। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन एवं अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभुकों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन गांव स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सहयोग शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है जिससे ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।

नवबिहार टाइम्स के 37वें स्थापना दिवस पर अमित कुमार पटेल सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। बिहार के प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र 'नव बिहार टाइम्स' के 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल को समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों तथा पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अमित कुमार पटेल ने 'नवबिहार टाइम्स' परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बिहार का पहला ऐसा दैनिक समाचार पत्र है जिसकी पहुंच पटना के साथ-साथ दिल्ली तक है और जहां डिहरी ऑन सोन तथा रोहतास की खबरों को भी प्रमुखता से स्थान मिलता है। उन्होंने कहा कि नव बिहार टाइम्स ने निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं जनहितकारी पत्रकारिता के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने नव बिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर एवं डिहरी के पत्रकार मदन कुमार को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाचार पत्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को भी प्रमुखता से प्रकाशित करता है। यही कारण है कि नव बिहार टाइम्स के पाठकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और लोगों का इस समाचार पत्र पर विश्वास भी मजबूत हुआ है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने नव बिहार टाइम्स की निष्पक्ष एवं जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता की सराहना करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(लापता राजा कुमार चौधरी, उम्र–15 वर्ष)



मेराल थाना कांड सं0–154/26 दिनांक–01.07.2026 धारा–137(2), 140(3) बी0एन0एस0 में लापता राजा कुमार चौधरी, उम्र–15 वर्ष, पिता–मनोज कुमार चौधरी, ग्राम–सोहबरिया, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाला है। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक मनोज कुमार चौधरी के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनका पुत्र राजा कुमार चौधरी दिनांक–27.06.2026 को अपने घर से कहीं चला गया है, जो अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता लड़का का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–

1.नाम–राजा कुमारी चौधरी, लम्बाई–04 फीट, रंग–गोरा, पहनावा–काला पैन्ट एवं उजला शर्ट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 384324 Police(26-27).D

पूर्व रेलवे

ई–नीलामी आमंत्रण सूचना

ई–नीलामी सूचना सं. एडीवीटी/एएसएन/20/07 **दिनांक : 06.07.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग संख्या : एएसएन–एडीवीटी–20–07, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 20.07.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., अनुक्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) एए/3, एडीवीटी–ईएफएफ–131111–1–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 13507–13508 (आसनसोल–गोरखपुर एक्सप्रेस)/13509–13510 (आसनसोल –गोंडा एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(2) एए/4, एडीवीटी–ईएफएफ–131112–2–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 12375/12376 (जसीडीह–तांबरम एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(3) एए/5, एडीवीटी–ईएफएफ–237528–1–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 12361/12362 (आसनसोल–मुंबई सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(4) एए/6, एडीवीटी–ईएफएफ–239709–1–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 22306/22305 (जसीडीह–बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(5) एबी/1, एडीवीटी–एएसएन–डीजीआर–ओएच–189–26–1**(विज्ञापन–आउट ऑफ होम), दुर्गापुर (डीजीआर) स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के दक्षिण की ओर 03 वर्ष की अवधि के लिए आउट ऑफ होम पॉलिसी के तहत रेलवे द्वारा अनुमोदित विभिन्न मीडिया के माध्यम से विज्ञापन और होर्डिंग, क्यूबिकल, बैकलिट/ग्लो–साइन/नॉन–डिजिटल विज्ञापन के जरिए वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध। विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल 3110 वर्ग फुट। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के लिए संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN--168/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

योध सिंह नामाधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू – 822101

पत्रांक : दिनांक :

–: इच्छा की अभिव्यक्ति :–

पलामू जिला के मेदिनीनगर, छतरपुर एवं हुसैनाबाद में अवस्थित एटीक सेन्टर में एग्री क्लीनिक के संचालन हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) का आमंत्रण सूचना

विभागीय राज्यादेश संख्या **21** दिनांक **10.06.2026** द्वारा वित्तीय वर्ष **2026–27** में राज्य योजनान्तर्गत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की योजना अंतर्गत एग्री क्लीनिक उपयोजना के क्रियान्वयन की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर, छतरपुर एवं हुसैनाबाद प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित कृषि तकनीकि सूचना केन्द्र **(ATIC)** में एग्री क्लीनिक का संचालन किया जाना है। एग्री क्लीनिक के माध्यम से कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों से 12 सर्वीसेज यथा – मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद, कीटनाशी, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति, कृषि उपकरण, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि ज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन सम्बन्धित योजनाएँ एवं कृषि उपादानों का दर सम्बन्धि सूचनाओं के बारे में किसानों को जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

योजना के कार्यान्वयन एवं संचालन हेतु महिला समूह/स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/सहकारी समितियॉ/गैर सरकारी संस्थाएँ (NGOs) जिन्हें एग्री क्लीनिक के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यो/कृषि कार्यो में कम से कम तीन वर्षो का अनुभव हो, से दिनांक 15.07.2026 के अपराह्न 01:00 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू, महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू – 822101 में आमंत्रित की जाती है।

EOI के आधार पर संस्था का चयन दिये गए मापदंडो के आधार पर उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। निविदा खोलने की तिथि की जानकारी EOI में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को अलग से उपलब्ध करा दी जाएगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी बेबसाईट www.atmapalamau.org से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू के सूचना पट्ट/कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। इच्छा की अभिव्यक्ति के किसी शर्त को बदलने अथवा हटाने एवं निविदा को किसी भी समय रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 384241 (District) 26-27 (D)

सहयोग शिविरों के माध्यम से आमजनों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। 7 जुलाई 2026 को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश व पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत महुली पंचायत तथा नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत इचुआकरना पंचायत में आयोजित "सहयोग शिविर" का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित "सहयोग शिविर" आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले के विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा "सहयोग पोर्टल" भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ आमजनों की समस्याओं का समाधान करें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभुकों तक पहुंच सके। शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लाभुकों के बीच राशन कार्ड, शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के स्वीकृति पत्र तथा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र का वितरण किया। साथ ही इचुआकरना पंचायत के सैदपुर गांव में जिला पदाधिकारी ने स्कूली बच्चों के बीच विद्यालयी बैग भी वितरित किए। इसी क्रम में जिले के अन्य प्रखंडों एवं नगर निकायों में भी सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। सिरदला प्रखंड के चौवे, गोविंदपुर प्रखंड के विशुनपुर, पकरीबरावां प्रखंड के डुमरावां, कौआकोल प्रखंड के छबैल, अकबरपुर प्रखंड के लेदहा, वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर, रजौली प्रखंड के अंधरवारी, नरहट प्रखंड के जमुआरा, हिसुआ प्रखंड के तुंगी, मेसकौर प्रखंड के विसियाइत, रोह प्रखंड के मड़रा तथा काशीचक प्रखंड के बेलड़ पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए।

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। राजगीर-बोधगया मुख्य मार्ग पर गोपी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बलवापर गांव निवासी स्वर्गीय बाल्मीकि प्रसाद के 21 वर्षीय पुत्र प्रियांशु राज के रूप में हुई है। घायलों में प्रियांशु का बड़ा भाई 22 वर्षीय निरंजन कुमार तथा पैक्स अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के पुत्र सोनू कुमार उर्फ बंटी शामिल हैं। दोनों का नवादा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रियांशु और सोनू बाइक से हिसुआ की ओर जा रहे थे। रास्ते में उनकी मुलाकात प्रियांशु के बड़े भाई निरंजन कुमार से हुई। तीनों सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान नारदीगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रियांशु राज को मृत घोषित कर दिया।

मूसलाधार बारिश के बीच नीतीश कुमार पहुचे नालन्दा

मखदूम सैयद गगन दूल्लाह की मजार पर लगाई हाजिरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





बिहारशरीफ। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहारशरीफ स्थित हजरत मखदूम सैयद गगन दूल्लाह की मजार पर पहुंचकर पूरे विधि-विधान के साथ हाजिरी लगाई और बिहार की सुख, शांति तथा समृद्धि के लिए दुआ मांगी। मूसलाधार बारिश के बावजूद उन्होंने अपना कार्यक्रम नहीं बदला और छाता लेकर स्वयं मजार तक पहुंचे। उनके इस कदम को लोगों ने दृढ़ संकल्प और सभी धर्मों के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया। बारिश के कारण उन्होने मजार पर चादरपोशी नही कर सके। इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील कुमार ने चादरपोशी की। उन्होने कहा कि नीतीश कुमार का बिहारशरीफ से विशेष लगाव रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पूरे बिहारवासियों के अमन-चैन, भाईचारे और विकास के लिए दुआ मांगी है। उनके अनुसार, खराब मौसम के बावजूद मजार पर पहुंचना यह दर्शाता है कि नीतीश कुमार जनभावनाओं, परंपराओं और सामाजिक सौहार्द के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। ई. सुनील कुमार ने कहा कि विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की भी कामना की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। तेज बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत और दर्शन के लिए मौजूद रहे। इस मौके पर विधान पार्षद ललन सर्राफ, जदयू के जिलाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

हरनौत की चार पंचायतों में खुलेंगे नए आधार केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हरनौत। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीआरओ कार्यालय में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार ने पंचायत सचिवों और लेखापालों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में नेहुसा, कोलावां, सरथा, गोनावां और पोआरी पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बीपीआरओ ने पंचायत भवनों के आरटीपीएस काउंटर पर कार्यालय अवधि में कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कर जाति, आय एवं आवासीय प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बराह, नेहुसा, पचैरा और चैरिया पंचायत में नए आधार केंद्र खोले जाएंगे, जिसके लिए वेंडर चयन की प्रक्रिया जारी है। इन केंद्रों पर नया आधार पंजीकरण, नाम, पता, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर, ईमेल, बायोमेट्रिक, फोटो, फिंगर, आईरिस एवं पता अपडेट सहित सभी आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध होंगी। बैठक में सरथा, पचैरा, मुढ़ारी, तेलमर और सोराडीह पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर समेत अन्य प्रशासनिक कार्यों की भी समीक्षा की गई।

अंधरवारी में आयोजित शिविर में पहुंचे 67 मामले

ग्रामीणों का आरोप : सहयोग शिविर के नाम पर खानापूर्ति,पदाधिकारी उपस्थिति बनाकर गायब, कई तो पहुंचे भी नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रजौली। रजौली प्रखंड क्षेत्र के अंधरवारी पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 67 आवेदनों में मात्र 3 का निष्पादन किया गया। इस दौरान पंचायत सरकार भवन को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था एवं भवन के अंदर हॉल समेत प्रत्येक कमरों में मेज और कुर्सी पर बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर और उनके प्रतिनिधित्व करते अधीनस्थ कर्मी,तो दिखाई दिए। किंतु प्रखंड स्तरीय अधिकांश पदाधिकारी अपनी उपस्थिति बनाकर शिविर से वापस लौट आए थे। पदाधिकारियों के इस रवैए से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और वे पदाधिकारियों पर सहयोग शिविर के नाम पर खानापूर्ति करने और मौजूदा सरकार को बदनाम करने का गम्भीर आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि इससे पूर्व हरदिया,रजौली पश्चिमी एवं अमावां पूर्वी पंचायत में सहयोग शिविर में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे थे, क्योंकि जिला एवं पटना मुख्यालय से वरीय पदाधिकारी का निरीक्षण था।

पदाधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में रोष : अंधरवारी निवासी बिपिन सिंह,विशेश्वर मिस्त्री व रामबिलास प्रसाद,सलेमपुर निवासी अरविंद कुमार सिंह,बृजनन्दन प्रसाद व मुसाफिर यादव,करहरा निवासी पिंकी देवी,अनिता देवी,पूनम कुमारी व गुड़िया देवी समेत अन्य लोगों ने बताया कि सहयोग शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक था। किंतु पदाधिकारी अपना अपना हस्ताक्षर कर महज कुछ मिनटों में ही लौट गए,जो शिविर में पुनः वापस नहीं आए। पदाधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीण खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। ग्रामीणों को विश्वास था कि उनकी समस्याओं को सुनने के लिए पदाधिकारी मिलेंगे,किंतु ग्रामीण अपनी समस्याओं को पदाधिकारियों के प्रतिनिधित्व कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों आदि को लिखित शिकायत देकर बैरंग वापस लौट गए। वहीं शिविर में कुछ कर्मी 3 बजे ही वापस लौट आए। अंधरवारी निवासी अल्तो राम का वृद्धा पेंशन के लिए पैरालाइसिस रोग से ग्रसित हैं और अपने परिजनों के साथ सहयोग शिविर में पहुंचे थे,किंतु पदाधिकारी के नहीं रहने पर निराश दिखाई दिए।

टीएस कॉलेज - गौखाना नाला - महादेव मोड़ बाईपास सड़क का होगा निर्माणः विवेक ठाकुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार से मुलाकात के दौरान नगर विकास से संबंधित क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक चर्चा की। सांसद ने हिसुआ के प्रोफेसर कॉलोनी में पार्क निर्माण व तालाब के सौंदर्यीकरण सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद विवेक ठाकुर ने मुख्य रूप से हिसुआ नगर परिषद अंतर्गत हिसुआ - नवादा मुख्य मार्ग पर अवस्थित बड़की पुल (टी.एस. कॉलेज के निकट) से गौखाना नाला के बगल से गुलजारबाग महादलित टोला, माहुरी मंडल धर्मशाला होते हुए हिसुआ - नरहट मुख्य मार्ग पर अवस्थित महादेव मोड़ तक टू लेन पथ का निर्माण कराने का आग्रह किया है।

सांसद ने बताया कि यह बाईपास सड़क लगभग 2 किलोमीटर की बनेगी। इसके निर्माण से विशेषकर नरहट प्रखंड के लोगों को जिला मुख्यालय आने - जाने में काफी सहूलियत होगी। इसके निर्माण से हिसुआ शहर में पड़ने वाले दो रेलवे क्रासिंग का बाईपास हो जाएगा। साथ ही हिसुआ विश्व शांति चौक पर लगने वाली भीषण जाम से भी स्थानीय लोगों को मुक्ति मिलेगी।

नालंदा में 162 प्रशिक्षु जवानों की दीक्षांत परेड, आईजी ने दिलाई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। नालंदा पुलिस लाइन में मंगलवार को जहानाबाद और अरवल जिले के 162 प्रशिक्षु पुलिस जवानों का दीक्षांत परेड समारोह गरिमामय माहौल में आयोजित हुआ। मगध प्रक्षेत्र के आइजी जितेंद्र राणा ने प्रशिक्षु जवानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा परेड की सलामी ली। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद कई जवान भावुक हो उठे और इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। अपने संबोधन में आइजी ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल पोशाक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने जवानों से ईमानदारी, निष्पक्षता और सेवा भावना के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराध जैसी नई चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि हर पुलिसकर्मी को बदलती तकनीक और अपराध के नए तरीकों के अनुरूप स्वयं को लगातार अपडेट रखना होगा। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान जवानों को कानून-व्यवस्था, अपराध अनुसंधान, साइबर अपराध की रोकथाम, हथियार संचालन, फायरिंग, ड्रिल, शारीरिक दक्षता, मानवाधिकार, भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, यातायात प्रबंधन तथा सामुदायिक पुलिसिंग का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सीखे गए अनुशासन और उसेवा भावना को ड्यूटी के दौरान अपनाना ही एक आदर्श पुलिसकर्मी की पहचान है। समारोह में उत्कृष्ट परेड करने वाले प्रशिक्षु जवानों, बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों तथा प्रशिक्षण कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पुलिस लाइन के डीएसपी सुमित सहित अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों को आईजी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएसपी श्याम किशोर रंजन, रंजन कुमार, ऋषभ आनंद, संजीत कुमार गुप्ता, तारकेश्वर प्रसाद सिंह, कुमार ऋषि राज, संजय कुमार जायसवाल, रामदुलार प्रसाद, खुर्शीद आलम, सार्जेंट मेजर राजमणि, थानाध्यक्ष सम्राट दीपक, मुकेश कुमार मुकेश, रंजीत कुमार रजक, सुमन कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी, जवान और प्रशिक्षुओं के परिजन मौजूद रहे।

एक नजर

टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में बीएड परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न

नवादा। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित बीएड प्रथम वर्ष (सत्र 2025-27) एवं द्वितीय वर्ष (सत्र 2024-26) की परीक्षा टी.एस. कॉलेज, हिसुआ केंद्र पर मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो गई। प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक प्रो. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा 25 जून से 7 जुलाई तक दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में 947 तथा द्वितीय पाली में 942 परीक्षार्थियों सहित कुल 1,889 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। अंतिम दिन दोनों पालियों में मगध विश्वविद्यालय के अधिकृत ऑब्जर्वर डॉ. एम.एच. शहजादा (केएलएस कॉलेज, नवादा), प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय कुमार चौहान एवं वीक्षक डॉ. स्वर्गेश कुमार ने 12 परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। परीक्षा संचालन परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय कुमार चौहान तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार एवं अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुआ। केंद्र पर गनौर रामकली कॉलेज, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, आरपी कॉलेज मटुक बिगहा, रविकांत पूनम बीएड कॉलेज, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन सहित विभिन्न बीएड कॉलेजों के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा कार्य में महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से तैनात रहे।

आशा कार्यकर्ता सुशीला कुमारी के निधन से शोक की लहर

नवादा। रोह प्रखंड के मोरमा गांव निवासी एवं आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ की प्रखंड सचिव सुशीला कुमारी (48) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह समरीगढ़ पंचायत की पूर्व मुखिया रेणु देवी की ननद तथा समाजसेवी अजय कुशवाहा की बहन थीं। उनके पति अरविंद कुमार किराना व्यवसाय से जुड़े हैं। सुशीला कुमारी अपनी कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही सामाजिक, राजनीतिक एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोगों के साथ आशा कार्यकर्ताओं ने उनके मोरमा स्थित आवास पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति उनकी लोकप्रियता का प्रमाण रही। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसडीएम पद पर चयनित प्रीति कुमारी उनकी भांजी हैं।

हिसुआ नगर परिषद के वार्ड-6 में सहयोग शिविर, नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं

हिसुआ (नवादा)। नगर परिषद हिसुआ के वार्ड संख्या-6 में आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वार्ड पार्षद सुनीता देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश, स्वच्छता पदाधिकारी रजनीश कुमार गुलशन तथा सिटी मैनेजर रंजीत सुधांशु उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में नाली-गली निर्माण, पेयजल, बिजली व्यवस्था, स्वच्छता, साफ-सफाई तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में मो. रौशन, रामस्वरूप मनोहरा, मो. बबलू, पन्ना लाल, रंजीत कुमार, रंजीत कुशवाहा, जानकी मिस्त्री, मनोरमा देवी, संगीता देवी, अंशा देवी एवं रिकू देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 28 फरियादें, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

बिहारशरीफ। नालंदा की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने मंगलवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 28 आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिंद प्रखंड के ताजनीपुर पंचायत अंतर्गत सैदपुर गांव में मतदाता पहचान पत्र में कथित फर्जी नाम जोड़ने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अमरूद बागवानी से जुड़ी समस्याओं तथा बंटवारे से पूर्व भूमि बिक्री के मामले को अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। रामचंद्रपुर बस स्टैंड से ही वाहनों का संचालन कराने तथा देवीसराय मोड़ पर अवैध टेंपो स्टैंड हटाने की मांग पर जिला परिवहन पदाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं, वृद्धावस्था पेंशन बंद होने की शिकायत पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को जांच कर शीघ्र पेंशन बहाल कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्रवाई कर आवेदकों को राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मृतक सोनू कुमार के परिजनों को बीडीओ ने सौंपा 20 हजार का चेक

हरनौत। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने चेरन गांव निवासी मृतक सोनू कुमार की मां शांति देवी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।प्रखंड नाजिर अनिल कुमार ने बताया कि गत 2 जुलाई की रात चेरन गांव निवासी कृष्णा प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल सोनू को इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां 3 जुलाई को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

शौचालय निर्माण को लेकर चलेगा सघन जागरूकता अभियान

पात्र लाभुकों को शौचालय निर्माण पर मिलेगी 12 हजार की प्रोत्साहन राशि

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत महादलित टोलों में शौचालय निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक अजीत कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महादलित परिवारों को शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित करने और अभियान को तेज गति से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में निदेशक ने संबंधित अधिकारियों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि महादलित टोलों में घर-घर जाकर ग्रामीणों को खुले में शौच से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। समीक्षा बैठक में समुदाय आधारित संपूर्ण स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि ग्रामीणों में व्यवहार परिवर्तन लाकर खुले में शौच की प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।बैठक में बताया गया कि शौचालय निर्माण पूरा होने के बाद पात्र परिवारों को सरकार की ओर से 12,000 की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी योग्य लाभुकों को योजना का लाभ समय पर मिले।बैठक में जिला समन्वयक राजीव रंजन, जिला सलाहकार रोहित कुमार, सलाहकार दीपक कुमार सहित जिले के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

पुलिस-पब्लिक समन्वय मजबूत करें: एसडीपीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हरनौत। तेलमर थाना परिसर स्थित बिहारशरीफ सदर एसडीपीओ-2 कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने की। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी नौ थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने सभी थानों के लंबित कांडों, यूडी से जुड़े मामलों तथा पूर्व और विगत माह तक लंबित एवं प्रतिवेदित मामलों की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान किया जाए। पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को दिवा, संध्या एवं रात्रि गश्ती नियमित रूप से संचालित करने तथा बाजारों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत करने और चैकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय निगरानी रखने के लिए प्रेरित करने की बात कही। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई न की जाए। दर्ज एफआईआर के आधार पर निष्पक्ष अनुसंधान कर वास्तविक दोषियों के विरुद्ध ही विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में नूरसराय सर्किल इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, तेलमर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, हरनौत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा, कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती, गोखुलपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, वेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, रहूई थानाध्यक्ष ललित विजय, भागन बिगहा थानाध्यक्ष राज कुमार चैधरी, चेरो ओपी प्रभारी रौशन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने की द्वितीय अपील की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के अंतर्गत कुल 05 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 04 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपील वादों में लालो देवी द्वारा आने-जाने के लिए रास्ता उपलब्ध कराने, कुमार सुमन गुप्ता द्वारा भूमि मापी कराने, अमित राज द्वारा सरकारी योजना का लाभ अवैध रूप से लिए जाने तथा शारदा देवी द्वारा नई अंशदायी पेंशन योजना में जमा राशि की निकासी से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराए जाने के उपरांत आज इन शिकायतों की सुनवाई की गई। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर सामान्यतः दो माह के भीतर उसका निस्तारण किया जाता है। प्रखंड एवं पंचायत स्तर से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। शिकायत दर्ज कराने एवं उसके निस्तारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही, आदेश से असंतुष्ट होने की स्थिति में भी निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका समाधान प्राप्त करें।

राजगीर जू सफारी में शुरू हुई रियल टाइम ऑनलाइन टिकट बुकिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



राजगीर। बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल राजगीर जू सफारी आने वाले पर्यटकों के लिए बड़ी राहत भरी सुविधा शुरू की गई है। अब पर्यटक रियल टाइम ऑनलाइन टिकट बुकिंग के जरिए उसी दिन तत्काल टिकट लेकर जू सफारी का भ्रमण कर सकेंगे। पहले ऑनलाइन टिकट कम-से-कम एक दिन पहले बुक कराना अनिवार्य था, जबकि उसी दिन घूमने के इच्छुक पर्यटकों को पार्किंग संख्या-05 स्थित काउंटर पर लंबी कतार में लगकर टिकट लेना पड़ता था।नई रियल टाइम बुकिंग व्यवस्था लागू होने के बाद पर्यटक ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध सीटों की वास्तविक समय की जानकारी देख सकेंगे। यदि किसी स्लॉट में सीटें उपलब्ध होंगी तो उसी समय ऑनलाइन टिकट बुक कर सीधे जू सफारी का आनंद ले सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और टिकट के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा से भी छुटकारा मिलेगा। जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने बताया कि नई टिकट बुकिंग प्रणाली पूरी तरह डिजिटल, कैशलेस, पारदर्शी और उपयोगकर्ता अनुकूल है। इससे पर्यटकों को टिकटों की उपलब्धता की सटीक जानकारी तुरंत मिलेगी तथा वे अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत, छुट्टियों और त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों के लिए यह सुविधा बेहद लाभदायक साबित होगी। जू सफारी प्रशासन ने सभी पर्यटकों से रियल टाइम ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपनी यात्रा को सुविधाजनक एवं यादगार बनाने की अपील की है।

वैज्ञानिक तरीके से डेयरी फार्मिंग अपनाकर ग्रामीण युवा संवारें अपना भविष्य : अरविंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कौआकोल। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में 'ग्रामीण आजीविका हेतु वैज्ञानिक विधि से डेयरी फार्म प्रबंधन' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने 30 सफल प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से डेयरी फार्मिंग अपनाकर ग्रामीण युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से गौ पालन को लाभदायक व्यवसाय में बदला जा सकता है,जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण के कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं पशु विज्ञान विषय विशेषज्ञ रजत रंजन ने बताया कि पांच दिनों तक प्रतिभागियों को उन्नत नस्ल चयन, प्रजनन प्रबंधन,संतुलित पशु आहार, वैज्ञानिक शेड निर्माण,बछड़ों की देखभाल, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, पशु रोग प्रबंधन तथा डेयरी व्यवसाय के आर्थिक एवं अभिलेख प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, मनोज कुमार एवं राजेश कुमार सहित केंद्र के वैज्ञानिक व कर्मी उपस्थित रहे।

कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में समाज की भागीदारी जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। गया जिला अतिथि गृह सभागार में भारतीय जनता पार्टी जिला पूर्वी कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए जबकि अध्यक्षता प्रकोष्ठ के संयोजक अशोक गुप्ता ने की। बैठक में कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और पौराणिक धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन तथा नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति देश की सबसे बड़ी पहचान है और किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति, परंपराओं, मूल्यों और विरासत से होती है। उन्होंने कहा कि बिहार भारत की सांस्कृतिक धुरी है तथा गया उसकी गौरवशाली विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने बताया कि गया शिल्प कला, धार्मिक आस्था और पौराणिक धरोहरों से समृद्ध है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अस्थि कलश यहां सुरक्षित है, जबकि मूंगा से निर्मित भगवान गणेश की प्रतिमा और स्फटिक शिवलिंग जैसी दुर्लभ धरोहरें इसकी सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि गया की शिल्प कला को हाल में मिला भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग पूरे जिले और राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कला एवं संस्कृति का संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। लोक कला, लोक संगीत, नृत्य, अभिनय और शिल्प कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए खेल विभाग की तर्ज पर 'एकलव्य गुरु-शिष्य परंपरा विकसित करने की जरूरत है। बच्चों को किलकारी तथा युवाओं को आम्रपाली और नेहरू युवा केंद्र जैसे मंचों से जोड़कर व्यवस्थित प्रशिक्षण देने पर भी उन्होंने जोर दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ उसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में कार्य कर रही है। गांव-गांव तक सांस्कृतिक गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों की लोक प्रतिभाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने भाजपा कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से गया की सांस्कृतिक और पौराणिक धरोहरों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा युवाओं को भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं से जोड़ने के लिए जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में मुन्नीलाल, विकास कुमार, करुणा सिंह, सुधीर शर्मा, ऋषभ राज, शंभू प्रसाद, रंजन यादव, सुमित गुप्ता, पिंटू कुमार, रामेश्वर पासवान, ललन चंद्रवंशी, कमलकांत आनंद, बबलू कुमार, दयानंद चंद्रवंशी, विक्की कुमार, धीरज कुमार, धीरेंद्र धीरू, सचिन ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कचौड़ी पंचायत में जन सहयोग शिविर का आयोजन, डीएम ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



शेरघाटी। शेरघाटी प्रखंड की कचौड़ी पंचायत में मंगलवार को जन समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तथा शेरघाटी विधायक उदय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर शीघ्र समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जन सहयोग शिविर के माध्यम से भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, प्रमाण-पत्र, जन शिकायतों तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। आने वाले दिनों में ऐसे शिविर बिहार के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। शिविर के दौरान ग्रामीणों से दर्जनों आवेदन प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ, राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में शेरघाटी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उषा कुमारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

करंट की चपेट में आने से राजद पंचायत अध्यक्ष की मौत, इलाके में शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। कोंच प्रखंड के परसावां गांव निवासी राष्ट्रीय जनता दल के ग्राम पंचायत अध्यक्ष कौशल दास की सोमवार देर रात बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। वह लगभग 40 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार कौशल दास तरारी गांव स्थित अशोक सिंह के तालाब में मछली मारने गए थे। इसी दौरान अचानक ऊपर से गुजरी एलटी लाइन के तार की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन और ग्रामीणों ने उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता का नाम सुरेश दास है। उनके निधन से पत्नी प्रियंका देवी, दो पुत्र और एक पुत्री अनाथ हो गए हैं। कौशल दास अपने सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। घटना की खबर मिलते ही परसावां और आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। राजद प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि मोहन यादव, जिला युवा राजद प्रभारी सुजीत यादव, सामाजिक कार्यकर्ता लालू यादव, काबर मुखिया पति अवधेश दास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उनके घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। डॉ. रामाशीष कुमार ने कहा कि कौशल दास पार्टी के समर्पित सिपाही थे। उनका असमय निधन पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मुखिया दिलीप कुमार ने पीड़ित परिवार को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत तीन हजार रुपये की सहायता दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। अंतिम संस्कार में राजद कार्यकर्ताओं ने पार्टी ध्वज में पार्थिव शरीर को ढककर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कोंच, आंती और गौहरपुर में लगा सहयोग शिविर, पदाधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन को लेकर कोंच प्रखंड प्रशासन द्वारा मंगलवार को विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी बिपुल भारद्वाज के निर्देश पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्राम पंचायत कोंच में शिविर लगाया गया। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत आंती एवं गौहरपुर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बीडीओ बिपुल भारद्वाज और सीओ मुकेश कुमार ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल निष्पादन का निर्देश दिया। आंती मुखिया सुनीता कुमारी ने कहा कि शिविर में पेंशन, आवास, राशन कार्ड, मनरेगा, आय-जाति-आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े आवेदनों का निपटारा किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, गौहरपुर पंचायत के मुखिया शिव कुमार चौहान सहित पंचायत प्रतिनिधि, बीएलओ, रोजगार सेवक और अन्य कर्मी उपस्थित थे। बीडीओ ने बताया कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ उसके दरवाजे पर मिले। इसी उद्देश्य से प्रखंड में नियमित रूप से सहयोग शिविर लगाए जा रहे हैं।

सामाजिक चेतना अभियान के तहत जनजागरण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच/गया। कोंच प्रखंड के बहादुरपुर गांव में मंगलवार को सामाजिक चेतना अभियान के तहत जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दर्जनों ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक चेतना अभियान के संस्थापक एवं बिहार के पूर्व डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता जरूरी है। उन्होंने लोगों से जाति, धर्म और आपसी भेदभाव से ऊपर उठकर समाज हित में काम करने की अपील की। इस अवसर पर अभियान के अध्यक्ष सुरेश बाबू, प्रखंड संयोजक सुनील कुमार सिंह, कोंच के सरपंच एवं प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, अखिलेश सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरदेव यादव ने की। वक्ताओं ने ग्राम विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा के प्रसार, सामाजिक समरसता और योग्य तथा कर्तव्यनिष्ठ प्रतिनिधियों के चयन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में ग्रामीणों का उत्साह देखने योग्य था और कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खिजरसराय। प्रखंड के कुतलुपुर गांव में मंगलवार को करीब 1 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से निर्मित नए पंचायत सरकार भवन का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में विधायक, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) अमरेन्द्र कुमार चौधरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष पिंकी देवी, विधायक प्रतिनिधि दयाशंकर सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंचायत सरकार भवन शुरू होने से अब ग्रामीणों को पंचायत स्तर की विभिन्न सरकारी सेवाएं और योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे आसानी से मिल सकेगा। इससे प्रमाण पत्र, आवेदन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए प्रखंड मुख्यालय के बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी। उद्घाटन के बाद ग्रामीणों ने विधायक एवं अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। नए पंचायत सरकार भवन के शुरू होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

दिव्या हत्याकांड में पुलिस की भूमिका की हो निष्पक्ष जांच, दोषियों पर हो कार्रवाई : दिलीप कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। डोभी थाना क्षेत्र की रहने वाली और वकालत की तैयारी कर रही दिव्या कुमारी पासवान की हत्या के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई है। मंगलवार को लोजपा (रामविलास) के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिलीप कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में शेरघाटी थाना पुलिस की गंभीर लापरवाही और कथित मिलीभगत सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि घटना से पहले परिजन आरोपी की शिकायत लेकर थाना पहुंचे थे और पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई थी। उनका आरोप है कि उस समय आरोपी थाना परिसर में मौजूद था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई करने के बजाय परिजनों को वापस भेज दिया।

उन्होंने कहा कि यदि पुलिस समय रहते आवश्यक कदम उठाती तो दिव्या की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि थाने के कुछ पुलिसकर्मियों के सहयोग और लापरवाही के कारण यह दुखद घटना हुई है जिसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। लोजपा (रामविलास) जिला अध्यक्ष ने राज्य सरकार एवं पुलिस के वरीय अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए।

गौहरपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन, मंगलवार-शनिवार को मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। मंगलवार को पंचायत सरकार भवन गौहरपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र, गौहरपुर का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया संघ अध्यक्ष सह गौहरपुर मुखिया शिव कुमार चौहान ने कहा कि 'इस उप स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से गौहरपुर और आसपास के गांवों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा अब घर के पास ही मिल सकेगी। इससे माताओं और बच्चों को काफी राहत मिलेगी।' स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि उप स्वास्थ्य केंद्र सप्ताह के पांचों दिन मंगलवार एवं शनिवार को खुलेगा। यहां एएनएम के माध्यम से टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच और सामान्य बीमारियों का इलाज किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में उप मुखिया गुड़िया देवी, एएनएम सविता कुमारी, पंचायत सचिव रवि राज सहित पंचायत के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

मिट्टी की दीवार से दबकर 85 वर्षीय वृद्धा की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखंड के सिमरा पंचायत अंतर्गत कमल बिगहा गांव में मंगलवार की शाम मिट्टी की दीवार गिरने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पूर्व उप मुखिया भूषण यादव की मां दुखनी देवी, 85 वर्ष, पति स्व. मुखलाल यादव के रूप में हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत कुमार ने बताया कि दुखनी देवी अपने घर में खटिया पर सोई हुई थीं। इसी दौरान अचानक दीवार गिर गई और वे उसके नीचे दब गईं। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

फरार आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के कदवा गांव में मंगलवार को पुलिस ने कांड संख्या 80/26 के फरार आरोपी जट्टू चौधरी उर्फ रामदेव चौधरी के घर पर न्यायालय के आदेश के तहत इश्तहार चिपकाया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप का माहौल देखा गया। इश्तहार चिपकाने की प्रक्रिया विधि-सम्मत तरीके से पूरी की गई तथा स्थानीय लोगों की मौजूदगी में इसकी सूचना सार्वजनिक की गई। शेरघाटी डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी जट्टू चौधरी के विरुद्ध शेरघाटी थाना कांड संख्या 80/26 दर्ज है। इस मामले में उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 69, 352 एवं 351(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शपथ-पत्र

मैं संगीता देवी, पति जितेन्द्र ठाकुर, ग्राम मलवां, पो0- मलवां, थाना- खुदवां, जिला- औरंगाबाद (बिहार) सत्य एवं निष्ठा के साथ शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। आधार कार्ड में मेरी नाम संगीता देवी है। आधार कार्ड में जन्म तिथि 01.01.1991 है।

पी0 एन0 बी0 रफीगंज में मेरे नाम से खाता है जिसमें कान्ती देवी है। बैंक खाता सं0 0841000101310124 है। खाता खोलते समय बिना आधार मेरी नाम कान्ती देवी हो गया था। आधार कार्ड के अनुसार उक्त खाता में मेरी नाम संगीता देवी अंकित किया जाए। कान्ती देवी और संगीता देवी दोनों नाम से जानी जाती हूं।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि इस शपथ पत्र के कंडिका 1 से 8 तक में लिखी गई सभी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

शपथ पत्र सं. 4378 दिनांक 8.11.25

शपथकर्ता
संगीता देवी

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या एफ–एमएफजी–200 बीवीसीएम–एयर ब्रेक, दिनांक 04.07.2026, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार –811214 द्वारा निविदा सं. **एफ–एमएफजी–200 बीवीसीएम–एयर ब्रेक** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि बाबत केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यम जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के द्वारा भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रिसीट, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान करने की अनुमति नहीं है। **कार्य का नाम** : "200 बीवीसीएम के लिए अंडर फ्रेम ब्रेक गियर पिन, वॉशर और बुश सहित अंडरफ्रेम ब्रेक गियर अरेंजमेंट और हैंड ब्रेक अरेंजमेंट के साथ पाइप और पाइप फिटिंग सह एयर ब्रेक इक्विपमेंट की आपूर्ति, फिटमेंट, परीक्षण, आरंभ और स्थापना।" **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन–811214, **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,19,90,949/–, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली । **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 00.00, **बोली प्रतिभूति:** रु.8,39,800/–, **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.07.2026 को 15.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 07.07.2026 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है: (www.er. indian railways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps. gov.in)** एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को।

MISC-95/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएलईजी–ओटी–1352–2026–27, दिनांक: 02.07.2026, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के एलएचबी टाइप एसी और टीएल कोचों के स्लंग के नीचे व्यवस्थित 4.5 केडब्ल्यू आरबीसी कम ईबीसी (रेगुलेटेड बैटरी चार्जर कम इमरजेंसी बैटरी चार्जर) प्रस्तुकारक–मेसर्स "साइनोट्रॉन" के लिए 03 (तीन) वर्ष का व्यापक वार्षिक प्रिवेंटिव और ब्रेकडाउन मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। **निविदा मूल्य:** रु. 1,25,91,300/–, **बयाना राशि:** रु. 2,51,800/–, **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएलईजी–ओटी–1320–2026–27–आर, दिनांक: 02.07.2026, कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/।।/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में बिशरपाड़ा कोदालिया, बाहिरा कालीबाड़ी, बेलियाघाटा रोड, भासिला, मतानिया अनंतपुर, उदयरामपुर, निश्चिंदपुर मार्केट हाल्ट, निश्चिंदपुर, घुटियारी शरीफ, हाबरा, बामनगाछी और मातला हाल्ट (कुल 16 अदद) पर सीमेंट कंक्रीट के साथ प्लेटफॉर्म को ऊंचा करने और उससे जुड़े सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 92,27,559/–, **बयाना राशि:** रु. 1,84,600/– **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 3, निविदा संख्या : ईएलईजी–ओटी–1317–2026–27–आर, दिनांक: 02.07.2026, कार्य का विवरण:** कोलकाता स्टेशन के पास सर्कुलर रेलवे के 2X3.5 एमएलडी ईटीपी का 03 (तीन) वर्षों के लिए सुधारात्मक विद्युत रखरखाव अनुबंध एवं जीर्णोद्धार आदि। **निविदा मूल्य:** रु. 1,47,20,790.87, **बयाना राशि:** रु. 2,94,400/–, **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं. 4, निविदा संख्या : ईएलईजी–ओटी–1355–2026–27, दिनांक: 02.07.2026, कार्य का विवरण:** "कुलपी–कुलपी में नया ब्लॉक स्टेशन" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 45,66,663.80, **बयाना राशि:** रु. 91,300/–, **समापन अवधि:** 12 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 13.07.2026 (क्रम सं. 1 से 4 हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 27.07.2026 (क्रम सं. 1 से 4 हेतु)। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

SDAH-121/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य में दूध, माँस एवं अण्डा के उत्पादन में वृद्धि लाना, ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन के माध्यम से स्वरोजगार सृजन करना एवं ग्रामीण पशुपालकों की आय में वृद्धि करने हेतु कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश सं0 09 रा0(वि0) दिनांक 08.06.2026 द्वारा "मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना" की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। योजना की विवरणी निम्नवत है :–

क्र0 सं0	योजना का नाम	योजना का कुल लागत राशि (रूपया में)	भौतिक लक्ष्य			अनुदान की राषि (प्रति ईकाई)	
			90% अनुदान	75% अनुदान	कुल	90% अनुदान	75% अनुदान
01.	बकरा विकास योजना (8+2)	**49,600/-**	272	460	**732**	**44,640/-**	**37,200/-**
02.	सूकर विकास योजना (4+1)	**57,800/-**	68	114	**182**	**52,020/-**	**43,350/-**
03.	400 बैक्यार्ड कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन)	**1,18,200/-**	65	109	**174**	**1,06,380/-**	**88,650/-**
04.	ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा)	**67,500/-**	118	198	**316**	**60,750/-**	**50,625/-**
05.	बत्तख चूजा वितरण योजना (15 दिनों का 30बत्तख चूजा)	**3,400/-**	467	790	**1257**	**3,060/-**	**2,550/-**
06.	भेंड पालन योजना (8+2)	**49,600/-**	60	87	**147**	**44,640/-**	**37,200/-**

लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:–

➢ लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। प्रखण्ड स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–

(I) प्रखण्ड प्रमुख – अध्यक्ष।
(ii) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी – उपाध्यक्ष।
(iii) प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी – संयोजक सदस्य।
(iv) प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी – सदस्य।
(v) स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि – सदस्य।
(vi) संबंधित जिला परिषद सदस्य – सदस्य।
(vii) प्रखण्ड प्रोग्राम मैनेजर (जे0एस0एल0पी0एस0) – विशेष आमंत्रित सदस्य।

➢ योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत की जाएगी।
➢ योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/विधवा/50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र/घोषणा–पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी०/आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
➢ योजनान्तर्गत पशु–पक्षी का क्रय का प्रावधान निम्नवत है :–
(i) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
(ii) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरांतमान्य होगा)
➢ विगत पाँच वर्शो में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
➢ बत्तख चूजा वितरण की योजना से लाभान्वित लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत अन्य योजनाएँ (यथा–बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड कुक्कुट/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन इकाई की योजना) के लिये योग्य माना जायेगा। जबकि बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड कुक्कुट/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन इकाई की योजना में से किसी भी योजना का लाभ मिलने पर लाभुक अन्य योजनाओं के लिये योग्य नहीं होगे।
➢ ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनों परान्त दिया जाएगा।
➢ लक्ष्य से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची संबंधित कार्यालय द्वारा तैयार किया जायेगा। प्रतीक्षा सूची के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष अथवा आगामी वित्तीय वर्ष में भी लाभुकों को लाभान्वित कराया जा सकेगा।
➢ इस योजना के तहत 90% अनुदान के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम–से–कम 50 वर्ष को देय होगा एवं 75% अनुदान पर अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को देय होगा।
➢ गाँव का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा। बकरा एवं सूकर विकास योजनान्तर्गत 10–20 ईकाईयों के कलस्टर एवं अण्डा उत्पादन/ब्रायलर उत्पादन के लाभुकों का चयन 5–5 इकाईयों में किया जायेगा।
➢ योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
➢ योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखडस्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
➢ योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तदपश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
➢ इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2026 तक (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

नोट :– अधिक जानकारी कि लिए जिला पशुपालन कार्यालय/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/संबंधित प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदकः–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,पलामू।

PR 384248 Animal Husbandry(26-

संपादकीय

हम फुटबॉल में फिसड्डी क्यों

इन दिनों पूरी दुनिया पर विश्व कप फुटबॉल का जुनून छाया हुआ है। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में हो रहे इन मैचों को देखने के लिए भारत में भी लोग रात-रात भर जाग रहे हैं। हर मैच का अलग रोमांच है। विश्व कप की दावेदार कई बड़ी टीमें राउंड 16 तक आते-आते टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। फुटबॉल खिलाड़ी एक एक गोल करने और बचाने के लिए जी जान लगा रहे हैं। इतना सब कुछ होते हुए भी दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले देश भारत की इस विश्व कप फुटबॉल में उपस्थिति कहीं नहीं है, जब केप वर्दे और हैती जैसे देश भी अपनी दमदार टीमों के साथ विश्व कप में मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। यह सवाल फिर से मौजूं है कि क्रिकेट का दीवाना भारत फुटबॉल में इतना फिसड्डी क्यों है? भारत ही क्यों चीन, बंगलादेश, पाकिस्तान, इंडोनेशिया जैसे बड़ी आबादी वाले देश में भी फुटबॉल में बहुत पीछे हैं। हालांकि फुटबॉल इन देशों में बहुत लोकप्रिय है, बावजूद इसके इनकी फुटबॉल टीमों और फुटबॉल खेल प्रबंधन बहुत निचले स्तर पर और कमजोर है। अगर आबादी को ही मानक मान लिया जाए तो बड़ी आबादी वाले सिर्फ दो देश यानी अमेरिका और ब्राजील ही वर्ल्ड कप फुटबॉल के लिए क्वालिफाई कर सके हैं। जबकि दो अन्य बड़ी आबादी वाले देश रूस और नाइजीरिया पिछले कई विश्व कप में खेल चुके हैं। चीन और इंडोनेशिया वर्ल्ड कप फ़ुटबॉल में केवल एक-एक बार ही हिस्सा ले पाए हैं। जबकि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, इथियोपिया और पाकिस्तान अब तक केवल विश्व कप में खेलने का सपना ही देख पाए हैं। हालांकि भारत ने तकनीकी रूप से 1950 में ब्राज़ील में हुए विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई कर लिया था, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से एक महीने से भी कम समय पहले उसने अपना नाम वापस ले लिया। हालांकि किसी देश की आबादी और उसकी फुटबॉल टीम के ताकतवर होने न होने का कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है। अत्यंत गरीब महाद्वीप अफ्रीका के कई देशों की टीमें भी दम दिखा रही हैं। और अश्वेत फुटबॉल खिलाड़ी तो लगभग सभी देशों की टीमों में हैं। हालांकि, ब्रिटिश शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री तथा चर्चित किताब 'सॉकरनॉमिक्स' के सह-लेखक स्टीफन शिमांस्की कहते हैं कि आबादी कई महत्वपूर्ण कारकों में से केवल एक है। फ़ुटबॉल काफ़ी हद तक किसी देश की अर्थव्यवस्था की तरह काम करता है। तरक्की के लिए लोगों की जरूरत होती है, लेकिन इसके साथ पूंजी और बुनियादी ढांचे की भी उतनी ही जरूरत होती है। फ़ुटबॉल में इसका मतलब है बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने की क्षमता। शिमांस्की और उनके सह-लेखक साइमन कूपर ने पाया कि किसी देश को बड़ी फ़ुटबॉल प्रतियोगितियां जीतने के लिए आमतौर पर प्रति व्यक्ति औसत सालाना आय कम से कम 15 हज़ार अमेरिकी डॉलर होनी चाहिए। लेकिन ब्राज़ील और अर्जेंटीना, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय इस स्तर से काफ़ी कम है, दोनों मिलकर अब तक आठ बार विश्व कप जीत चुके हैं। ब्रिटिश अर्थशास्त्री के मुताबिक़, यह तीसरे महत्वपूर्ण कारक की अहमियत को दिखाता है, और वह है 'खेल के बारे में जानकारी। यह अनुभव के साथ आता है। जिन देशों ने कभी विश्व कप जीता है, वे वही देश हैं जो क़रीब सौ साल पहले यानी उपनिवेशवाद का दौर ख़त्म होने से पहले फ़ुटबॉल में सबसे आगे थे। भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय फ़ुटबॉलर श्याम थापा का मानना है कि आईपीएल की सफलता के कारण मध्यम और उच्च-मध्यम वर्ग के माता-पिता अपने बच्चों को फ़ुटबॉल के बजाय क्रिकेट की ओर ज़्यादा प्रोत्साहित कर रहे हैं।

खनन माफिया और सरकार...

मुरैना के राज्य सरकार के एक मंत्री ने बयान दिया है कि खनन करने वाले नौजवानों की लाचारी है क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं है। इस पक्ष से इंकार नहीं किया जा सकता कि बेरोजगारी भी एक कारण है परंतु यह भी तथ्य है कि अब बेरोजगार नौजवान तो खनन करने वाले हैं या ट्रेक्टर आदि चलाने वाले हैं, याने एक प्रकार के अल्प वेतन भोगी श्रमिक जैसे हैं। इनके मालिक बड़े माफिया हैं जो इन नौजवानों से यह कार्य कराते और वे बेरोजगार नहीं हैं। बल्कि वह करोड़पति हैं जिनके पास बड़े-बड़े मकान हैं, गाड़ियां हैं और अपराध करने वाले उनके कर्मचारी हैं। वैसे तो यह खनन का सिलसिला कोई आज का नहीं है बल्कि इसकी शुरुआत तो 1971 के बाद जब श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी और उनके बेटे स्वरू संजय गांधी सत्ता के अघोषित नियंत्रक थे, तभी हो चुकी थी।

रघु ठाकुर



पिछले दिनों मुरैना में पत्थर खदानों से रेत खनन के समाचार प्रमुखता से समाचार पत्रों में आये। खनन माफिया का हौसला इतना बढ़ा है कि उन्होंने अनेक अधिकारियों के वाहन रोकने का प्रयास किया, उनके ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। कई कर्मचारी वन और राजस्व विभाग के घायल हुए और कुछ तो शहीद हो गये। कई अखबारों ने खनन वालों के बयान छापे कि वे पुलिस थाने के सामने से निकलते हैं, परंतु उन्हें रोकने की हिम्मत पुलिस में नहीं है। क्योंकि खनन करने वाले बंदूक रखते हैं और कर्मचारी भी जानते हैं कि वह गोली भी मार सकते हैं। मुरैना के राज्य सरकार के एक मंत्री ने बयान दिया है कि खनन करने वाले नौजवानों की लाचारी है क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं है। इस पक्ष से इंकार नहीं किया जा सकता कि बेरोजगारी भी एक कारण है परंतु यह भी तथ्य है कि अब बेरोजगार नौजवान तो खनन करने वाले हैं या ट्रेक्टर आदि चलाने वाले हैं, याने एक प्रकार के अल्प वेतन भोगी श्रमिक जैसे हैं। इनके मालिक बड़े माफिया हैं जो इन नौजवानों से यह कार्य कराते और वे बेरोजगार नहीं हैं। बल्कि वह करोड़पति हैं जिनके पास बड़े-बड़े मकान हैं, गाड़ियां हैं और अपराध करने वाले उनके कर्मचारी हैं। वैसे तो यह खनन का सिलसिला कोई आज का नहीं है बल्कि इसकी शुरुआत तो 1971 के बाद जब श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी और उनके बेटे स्वरू संजय गांधी सत्ता के अघोषित नियंत्रक थे, तभी हो चुकी थी। दिल्ली के आसपास के 30-40 किमी के दायरे के पहाड़ों को खोदने वाले उस समय सभी कांग्रेस समर्थक थे। स्व. संजय गांधी के लठैत थे और आज वे भी दिल्ली के पाश इलाकों में बड़े-बड़े मकान बनाकर रह रहे हैं और कारों में चल रहे हैं।

सत्ता के संरक्षण में वह छोटी हो या बड़ी हो खनन माफिया पनपते हैं। और इसी प्रकार रेत का खनन भी देश के अधिकांश इलाकों में बड़ी मझौली या छोटी नदियों के पास रेत का खनन कराने वाले रेत माफिया और आमतौर पर माफिया सरगना उस स्थानीय जाति, जिसकी संख्या व बाहुबल होता है, के होते हैं।

खनन करने वाले उनके कर्मचारी होते हैं। खनन से देश के पर्यावरण पर जो असर पड़ा है इसका कोई विधिवत आकलन अभी तक नहीं हुआ है। न सरकारों ने कराया है और न किसी अन्य प्रकृति के संरक्षकों ने कराया है। सरकारों से तो उम्मीद करना ही व्यर्थ है क्योंकि आमतौर पर यह सभी खनन माफिया सरकारों के संरक्षण में ही पलते हैं। सत्ता के मुखिया की जाति के नाम उनके ट्रेक्टरों और वाहनों पर लिखे रहते हैं, उनसे दुर्घटनायें होती हैं, निर्दोष लोग मरते हैं, परंतु सरकार के मुखिया के संरक्षण के चलते प्रशासन व पुलिस उन्हें रोकना, पकड़ना या अपराध दर्ज करना तो दूर उन्हें दूर से सलाम करते हैं। पत्थर और रेत के खनन से कितने ही इलाकों में खदानें बन गई हैं और इन खदानों में पानी भरने से अनजाने में लोग डूबकर मर जाते हैं क्योंकि उन्हें इनका कोई अनुमान नहीं होता। इन सामान्य व निर्दोष लोगों को सरकारें भी कोई मुआवजा नहीं देती क्योंकि वे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रहने वाले होते हैं। लगातार नदियों से रेत निकालने से जो नदियों के जल का शुद्धिकरण होता था वह घट रहा है और नदियां मिटटी के दलदल में बदल रही हैं। पत्थरों को खोदने के लिये वनों को काटा जाता है और वनों की संख्या इस कारण से घट रही है परंतु आज तक देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात में पर्यावरण नष्ट करने वाले, प्रकृति को नष्ट करने वाले इन खनन माफियाओं के बारे में कोई चिंता व्यक्त नहीं की? हो सकता है कि उसका एक कारण यह भी हो कि इन दिनों देश के लगभग 22 राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं जो उनकी अपनी है और अपनी सरकारों के अपराधों के बारे में बोलना उनकी संस्कृति नहीं है बल्कि अपनों के अपराध पर पर्दा डालना और दूसरों के अपराध को बढ़ा चढ़ा कर बताना उनकी शैली है या राजनैतिक चतुराई है। अगर यह खनन नहीं रुका तो कुछ वर्षों के बाद देश की बड़ी व पवित्र मानी जाने वाली नदियां भी मिटटी के दलदल में बदल जायेगी, वही बड़े-बड़े पहाड़ भी पत्थरों के टीले बन जायेंगे। आज सरकार के वन मंत्री की छत्रछाया में भारत सरकार ने तो अरावली पर्वत में खनन की अनुमति को लेकर जो योजना प्रस्तुत की थी, उसमें तो यह कह दिया गया था कि अगर 200 मी. के ऊपर पहाड़ है, तो वही पहाड़ माना जायेगा तथा उसमें खनन की अनुमति दी जा सकेगी। भारत सरकार के इस प्रस्ताव पर पहले तो सुप्रीम कोर्ट ने बगैर अध्ययन व विचार कर स्वीकृति की मुहर लगा दी, पर सारे राजस्थान व देश से जब अरावली बचाओ का अभियान शुरू हुआ तब सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दोषी बताते हुए अपना आदेश वापिस लिया। यह सर्वविदित है कि अरावली पर्वत में बड़ी संख्या में बड़ी पर्वत श्रृंखलायें हैं और यह सभी पर्वतों में होती है। अगर एक बार यह पर्वत श्रृंखलायें कट कर साफ हो जाती, चट्टान व पर्वतों को खोद दिया जाता तो राजस्थान का क्या होता? प्राण वायु कहां से मिलती? वर्षा के लिये बादल कहां से रुकते, कितना सूखा पड़ता इन सबके बारे में सरकारों को कोई चिंता नहीं। आज धारणा यह बन चुकी है कि सरकारों व प्रशासन तंत्र को केवल रिश्वत चाहिये चाहे देश का कुछ भी हो। यह पर्वत श्रृंखला मात्र पर्यावरण की संरक्षक नहीं हैं बल्कि यह देश के गौरवशाली इतिहास की कहानियाँ भी हैं। हल्दी घाटी के युद्ध में देश के पुरखों ने शौर्य का प्रदर्शन किया था और देशभर में हजारों आंचलिक गौरव गाथायें हैं, जो इन पहाड़ों की श्रृंखलाओं में संरक्षित है। निसंदेह राजस्थान के लोगों ने अरावली बचाने की शुरुआत की वह देश के लिये प्रेरक संदेश है और शायद ऐसी जनमानस और आमजन की पहल अब देश के पर्यावरण वनों, नदियों, इतिहास और संस्कृति को बचा सकती है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बाद में अरावली पर्वत को लेकर कुछ सख्त रुख अपनाया है उसका मप्र के बाहर राजस्थान, उप्र, हरियाणा, बिहार आदि में क्या असर हुआ है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है परंतु मप्र में प्रदेश के मुख्य सचिव ने अवश्य कुछ सख्त पहल की है तथा इन खनन क्षेत्रों व माफियाओं को रोकने के लिये विशेष पुलिस बल भेजे हैं तथा कहा कि खनन रुकना चाहिये, बजट का रोना न रोयें। इससे लगता है कि सरकार भले ही सुप्रीम कोर्ट के दबाव में और कुछ भाजपा के अंतर दलीय राजनैतिक सभी कारणों के कारण कुछ सक्रिय हुआ है। मैं उम्मीद करता हूँ कि इससे प्रदेश में विशेष तौर से मुरैना में तो खनन रुकेगा। हालांकि होना तो यह चाहिए कि जितने खनन माफिया प्रदेश में हैं उनकी संपत्ति की जांच होनी चाहिए और उनके पास अरबों की संपत्ति कहां से आई वह जप्त होनी चाहिये और उनके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही होनी चाहिए। हालांकि मुझे नहीं लगता कि सरकार ऐसा कदम उठायेगी। दूसरी तरफ मुझे यह भी आशंका है कि जो हजारों नौजवान और ग्रामीणजन इस खनन के अवैध धंधे में लगे थे, खोदने से लेकर लाने ले जाने तक उनके सुरक्षा पहरी बनकर आदि-आदि, वे सब अपना पेट भरने के लिये अपराध की ओर मुड़ सकते हैं इसलिये सरकार को चाहिए कि इन अंचलों के नौजवानों के लिये रोजगार के लिये, साथ-साथ विशेष अभियान चलाये ताकि उन्हें वैकल्पिक रोजगार मिल सके और वे अपराध की दुनिया में प्रवेश न करें।

अध्यात्म

समय की पाबंदी



बात साबरमती आश्रम में गांधी जी के प्रवास के दिनों की है। एक दिन एक गाँव के कुछ लोग बापू के पास आए और उनसे कहने लगे, 'बापू कल हमारे गाँव में एक सभा हो रही है, यदि आप समय निकाल कर जनता को देश की स्थिति व स्वाधीनता के प्रति कुछ शब्द कहें तो आपकी कृपा होगी। 'गांधी जी ने अपना कल का कार्यक्रम देखा और गाँव के लोगों के मुखिया से पूछा, 'सभा के कार्यक्रम का समय कब है? ' मुखिया ने कहा, 'हमने चार बजे निश्चित कर रखा है। ' गांधी जी ने आने की अपनी अनुमति दे दी। मुखिया बोला, 'बापू मैं गाड़ी से एक व्यक्ति को भेज दूँगा, जो आपको ले आएगा। आपको अधिक कष्ट नहीं होगा।

गांधी जी मुस्कराते हुए बोले, 'अच्छी बात है, कल निश्चित समय मैं तैयार रहूँगा। 'अगले दिन जब पौने चार बजे तक मुखिया का आदमी नहीं पहुँचा तो गांधी जी चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा अगर मैं समय से नहीं पहुँचा तो लोग क्या कहेंगे। उनका समय व्यर्थ नष्ट होगा।गांधी जी ने एक तरीक़ा सोचा और उसी के अनुसार अमल किया। कुछ समय पश्चात मुखिया गांधी जी को लेने आश्रम पहुँचा तो गांधी जी को वहाँ नहीं पाकर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ। लेकिन वह क्या कर सकते थे। मुखिया सभा स्थल पर पहुँचा तो उन्हें यह देख कर और अधिक आश्चर्य हुआ कि गांधी जी भाषण दे रहे हैं और सभी लोग तन्मयता से उन्हें सुन रहे हैं। भाषण के उपरांत मुखिया गांधी जी से मिला और उनसे पूछने लगा, 'मैं आपको लेने आश्रम गया था लेकिन आप वहाँ नहीं मिले फिर आप यहाँ तक कैसे पहुँचे? ' गांधी जी ने कहा, 'जब आप पौने चार बजे तक नहीं पहुँचे तो मुझे चिंता हुई कि मेरे कारण इतने लोगों का समय नष्ट हो सकता है इसलिए मैंने साइकिल उठाई और तेज़ी से चलाते हुए यहाँ पहुँचा। ' मुखिया बहुत शर्मिंदा हुआ। गांधी जी ने कहा, 'समय बहुत मूल्यवान होता है। हमें प्रतिदिन समय का सदुपयोग करना चाहिए। किसी भी प्रगति में समय महत्वपूर्ण होता है।' अब उस युवक की समझ में मर्म आ चुका था।

चढ़ावा चोरी: क्या इस मामले में हो रही कार्रवाई पर्याप्त है?

स्थानीय कोतवाली में पहले से कई लिखित शिकायतें (तहरीर) उपलब्ध थीं। फिर प्राथमिकी दर्ज करने में विलंब क्यों हुआ ? यदि एसआईटी केवल वही तथ्य संकलित कर रही थी, जिनके आधार पर बाद में मात्र गिनती में हुई गड़बड़ियों के लिए एफआईआर दर्ज हुई, तो स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या यह प्रक्रिया आवश्यक थी अथवा इससे कार्रवाई टलती रही ? 'देर आए दुरुस्त आए' या फिर 'दाल में कुछ काला है'–यह निर्णय अंततः जांच के निष्कर्ष ही करेंगे। एसआईटी का कार्यकाल बढ़ा दिया गया, किंतु उसकी अंतरिम रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई। पारदर्शिता की दृष्टि से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि जनता को कम-से-कम इतना अवश्य बताया जाए कि जांच की दिशा क्या है और किन बिंदुओं पर आगे कार्रवाई प्रस्तावित है। दूसरी ओर, कथित भूमि लेन-देन संबंधी आरोपों पर अब तक न तो कोई अलग प्राथमिकी दर्ज हुई है और न ही उस संबंध में एसआईटी ने जांच की ?

राजीव खंडेलवाल

अंततः श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की लिखित तहरीर पर मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज हुई, आठ छुटभैये 'छोटी मछलियों' की गिरफ्तारी हुई, एसआईटी का गठन हुआ और बाद में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय तथा ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने नैतिक आधार पर अपने इस्तीफे सौंप दिए। यह घटनाक्रम देर से ही सही, लेकिन आगे बढ़ा है। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या यह कार्रवाई पर्याप्त है अथवा अभी भी जांच की दिशा और दायरा अधूरा है?

स्थानीय कोतवाली में पहले से कई लिखित शिकायतें (तहरीर) उपलब्ध थीं। फिर प्राथमिकी दर्ज करने में विलंब क्यों हुआ? यदि एसआईटी केवल वही तथ्य संकलित कर रही थी, जिनके आधार पर बाद में मात्र गिनती में हुई गड़बड़ियों के लिए एफआईआर दर्ज हुई, तो स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या यह प्रक्रिया आवश्यक थी अथवा इससे कार्रवाई टलती रही? 'देर आए दुरुस्त आए' या फिर 'दाल में कुछ काला है'- यह निर्णय अंततः जांच के निष्कर्ष ही करेंगे।

एसआईटी का कार्यकाल बढ़ा दिया गया, किंतु उसकी अंतरिम रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई। पारदर्शिता की दृष्टि से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि जनता को कम-से-कम इतना अवश्य बताया जाए कि जांच की दिशा क्या है और किन बिंदुओं पर आगे कार्रवाई प्रस्तावित है। दूसरी ओर, कथित भूमि लेन-देन संबंधी आरोपों पर अब तक न तो कोई अलग प्राथमिकी दर्ज हुई है और न ही उस संबंध में एसआईटी ने जांच की ?

कानून की निष्पक्षता का आकलन प्रायः तुलनात्मक दृष्टि से किया जाता है।

लखनऊ के भीषण अग्निकांड में घटना के तुरंत बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और उसके बाद विस्तृत जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। केजरीवाल मामले में भी एक अभियुक्त के बयान के आधार पर बिना किसी प्राथमिकी जांच के एफआईआर दर्ज हो जाती है। अंततः न्यायालय अपराध का कोई प्रथम दृष्ट्या सबूत न मिलने पर केजरीवाल को आरोपों से मुक्त (डिस्चार्ज) कर देता है। इसी प्रकार अनेक चर्चित मामलों में प्रारंभिक उपलब्ध सामग्री के आधार पर पहले एफआईआर दर्ज हुई और बाद में जांच आगे बढ़ी।

इसके विपरीत, श्रीराम मंदिर प्रकरण में कथित अनियमितताओं की चर्चा, शिकायतें, जांच और कथित बरामदगी जैसी बातें सामने आने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज होने में समय लगा। ट्रस्ट व मंदिर से जुड़े व्यक्तियों की 'असामान्य सम्पति' होने के मामले में भी गबन के पैसे का दुरूपयोग कुछ हुआ है, के लिए ईडी, आयकर विभाग की जांच तक अभी प्रारंभ नहीं हुई है। यदि यही तथ्य हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि इस मामले में प्रक्रिया अलग क्यों रही? कानून की विश्वसनीयता तभी बनती है, जब न्याय केवल 'निष्पक्ष हो ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष दिखाई भी दे'।

राम मंदिर निर्माण से जुड़े आर्थिक प्रश्न पहली



बार नहीं उठे हैं। 2015-2017 में निर्मोही अखाड़ा और अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने विश्व हिंदू परिषद पर राम मंदिर निर्माण के नाम पर जमा 1400 करोड़ रुपये की हेराफेरी के आरोप लगाये थे। वर्तमान में चर्चा तब प्रारंभ हुई, जब पूर्व मंत्री पवन पांडे की शिकायत से अखिलेश ने इस मुद्दे को लपका। वर्तमान विवाद तब अधिक चर्चा में आया जब इस विषय को राजनीतिक स्तर पर अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री पवन पांडेय द्वारा एक दिन पूर्व की गई शिकायत के आधार पर उठाया इसके बाद ही प्रशासनिक कार्रवाई प्रारंभ हुई। ऐसे में प्रश्न केवल एक मंदिर या एक ट्रस्ट का नहीं है, बल्कि उन करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास का है, जिन्होंने अपनी श्रद्धा, भक्ति, आस्था से दान दिया है।

निष्पक्ष जांच के लिए नैतिक उत्तरदायित्व।

श्रीराम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की 'आस्था' का केंद्र है। इसलिए यहां पारदर्शिता का मानक सामान्य संस्थाओं से भी अधिक होना चाहिए। जांच की समस्त गड़बड़ियों तार्किक और निर्विवाद निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए यह आवश्यक है कि इसकी निगरानी किसी स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था अथवा सक्षम न्यायिक पर्यवेक्षण में हो। इससे जांच की विश्वसनीयता और जन विश्वास दोनों सुदृढ़ होंगे।

ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय द्वारा बरती गई ''सावधानी और सुरक्षा काबिले तारीफ है? विश्व सिंधी सेवा समागम के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजू मनवानी का कथन कि चंपत राय ने उनके द्वारा दी गई 200 चांदी की ईंटें की रसीद तुरंत न देकर चांदी की शुद्धता की जांच के बाद देने का कथन किया, जो आज तक बार-बार मांगने के बावजूद नहीं मिली। अनीता भारद्वाज ने भी चांदी का 'कागभुशुण्डि' की मूर्ति देने व रसीद न मिलने का सार्वजनिक बयान दिया है। आपके-हमारे द्वारा मंदिर में चढ़ावा देते समय न तो (नकली) नोटों की जांच होती है, न दिये गये सामग्री की जांच होती है। न ही मंदिर प्रशासक दान की वस्तु को वापिस करता है। अंबानी और बड़े-बड़े अभिनेता मंदिर में सोने-चांदी के दान देते हैं। क्या उनकी भी इस तरह की जांच की गई थी? उत्तर गर्भ में है? लेकिन जब एक व्यक्ति चंपत राय इतनी सतर्कता बरत रहे हैं, तब जांच में पारदर्शिता लाने के लिए क्या यह आवश्यक है कि समस्त आरोपियों को उनके पदों से हटा दिया जाए? यदि वे इस्तीफा नहीं देते है तो। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पर कोई आरोप सीधे नहीं लगता है लेकिन कोषाध्यक्ष होने के नाते समस्त वैधानिक व नैतिक प्राथमिक जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। 'सीज़र की पत्नी संदेह से भी परे होनी चाहिए'- यह सिद्धांत सार्वजनिक जीवन में आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आस्था की संस्थाओं के लिए तो यह और भी अधिक आवश्यक हो जाता है।

आस्था सर्वोपरि, पारदर्शिता अनिवार्य

भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं। इसलिए इस प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि श्रद्धालुओं का विश्वास किसी भी स्थिति में कमजोर भंग नहीं होना चाहिए।

कहा भी गया है–

'होइहि सोइ जो राम रचि राखा।'

लेकिन मनुष्य का कर्तव्य भी उतना ही स्पष्ट है कि वह सत्य, ईमानदारी और पारदर्शिता का पालन करे।

आस्था का संरक्षण केवल मंदिर निर्माण से नहीं, बल्कि उसके प्रबंधन की निष्कलंक पारदर्शिता से भी होता है। 'दूध का दूध और पानी का पानी' होना ही इस मामले की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि ऐसा होता है, तभी भगवान श्री राम के नाम पर दिए गए प्रत्येक अंशदान का सम्मान भी सुरक्षित रहेगा और जनता का विश्वास भी अक्षुण्ण बना रहेगा।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आसपास का माहौल सकारात्मक रहेगा संतान की पढ़ाई या करियर से जुड़ी चिंताओं का समाधान बातचीत और समझदारी से निकलता दिखाई दे रहा है।

वृषभ

रोजगार की तलाश में जुटे लोगों के लिए कोई नया अवसर दस्तक दे सकता है। आर्थिक मामलों में ईमानदारी और धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।

मिथुन

कोई भी बड़ा वित्तीय निर्णय जल्दबाजी में न लें। यात्रा या आने-जाने का कार्यक्रम बनता है, तो उसी दौरान जानकारी मिल सकती है जो लाभ का कारण बने।

कर्क

आज रिश्तों में मिठास और जीवन में नई संभावनाओं की आहट सुनाई दे सकती है। वैवाहिक जीवन पहले से अधिक सुखद रहेगा ।

सिंह

आज आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान में वृद्धि के प्रबल संकेत हैं। समाज और कार्यक्षेत्र दोनों जगह लोग आपके व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना कर सकते हैं।

कन्या

आज भाग्य आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलता दिखाई देगा। जीवनसाथी का सहयोग आपको आत्मविश्वास और मानसिक शांति प्रदान करेगा।

तुला

आज का दिन लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा कराने की क्षमता रखता है। यदि कोई पुराना लेन-देन अटका हुआ था, तो उसमें राहत मिल सकती है।

वृश्चिक

खर्च बढ़ सकते हैं, यदि आप योजनाबद्ध तरीके से चलेंगे तो सब कुछ नियंत्रित रहेगा। अपने शौक और घर की सुविधाओं पर खर्च करने का मन बन सकता है।

धनु

धैर्य और अनुशासन के साथ आगे बढ़े। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। पिताजी का मार्गदर्शन किसी महत्वपूर्ण मामले में आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

मकर

आज का दिन आपके लिए नए अवसरों और नए विचारों का द्वार खोल सकता है। आपकी बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता आपको किसी नए कार्य की शुरुआत करने के लिए प्रेरित करेगी।

कुंभ

आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता आपको कई मामलों में बढ़त दिला सकती है। परिवार की किसी पुरानी समस्या का समाधान आपकी पहल से निकल सकता है।

मीन

आज स्वास्थ्य आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। शरीर के संकेतों को नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। आर्थिक मामलों में नए व्यक्ति पर तुरंत भरोसा करने से बचें।

100 किलो गांजा के साथ पांच अंतरजिला तस्कर गिरफ्तार


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मोकामा। हाथीदह थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान तीन लग्जरी वाहनों को जब्त किया गया तथा पांच अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 20 से 25 लाख रुपये बताई जा रही है। बाढ़-1 के एसडीपीओ राम कृष्णा ने बताया कि सोमवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि हाथीदह थाना क्षेत्र से गांजे की बड़ी खेप समस्तीपुर भेजी जानी है। सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईयू पटना और हाथीदह थाना की संयुक्त टीम ने दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुरानी एनएच-31 स्थित औंटा रेल पुल और नवनिर्मित हाथीदह थाना के बीच छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान तस्कर एक काली थार से गांजा उतारकर सफेद स्विफ्ट डिजायर और अर्टिगा में लोड कर रहे थे। पुलिस ने मौके से तीनों वाहनों को जब्त कर लिया और पांचों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के गंगौली निवासी चंदन कुमार (23), खोकसा निवासी विकास कुमार (23), माधोपुर निवासी लालबाबू कुमार (28), शाकमोहन निवासी राजकुमार (39) तथा नालंदा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र के दुलारूवे बिगहा निवासी पंकज कुमार (23) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि गांजे की खेप बाढ़ से लाकर समस्तीपुर पहुंचाई जानी थी। एसडीपीओ ने कहा कि पटना जिले का उत्तर-पूर्वी इलाका गांजा तस्करी का बड़ा ट्रांजिट रूट बनता जा रहा है, जहां से खेप विभिन्न राज्यों तक भेजी जाती है। उन्होंने आशंका जताई कि पटना महानगर में भी मादक पदार्थों की खपत हो रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय तस्करों और गुमटियों के माध्यम से गांजा बेचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। युवा पीढ़ी को नशे से बचाना पुलिस की प्राथमिकता है। हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़कर मामले की गहन जांच में जुटी है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व मोकामा थाना पुलिस ने भी 400 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। हाथीदह में 100 किलोग्राम गांजे की बरामदगी से स्पष्ट है कि पुलिस नशा तस्करी के नेटवर्क पर लगातार शिकंजा कस रही है।

जानलेवा हमला व छिनतई मामले के फरार आरोपित के घर इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। महिला के साथ जानलेवा हमला एवं छिनतई के मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपित के घर भगवानगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस ने आरोपित को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि भगवानगंज थाना कांड संख्या 12/26 में बिजोरा गांव निवासी सूर्यमणि देवी, पति लाला पासवान ने 29 दिसंबर 2025 को जानलेवा हमला और छिनतई का मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी में गांव के ही पांच लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। मामले में फरार चल रहे आरोपित धनंजय कुमार, पिता गोवर्धन पासवान, निवासी बिजोरा के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया। इश्तेहार के माध्यम से उसे शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर आरोपित के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले के अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

एक नजर

मसौढ़ी में 10 दिवसीय आपदा रोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण शुरू, 30 राजमिस्त्री ले रहे प्रशिक्षण



मसौढ़ी। प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद संजय सिन्हा सभागार में मंगलवार से 10 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। "सुरक्षित बने हर गांव, हर शहर—सीखें आपदा रोधी निर्माण के नए हुनर" विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण में मसौढ़ी प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से चयनित 30 राजमिस्त्री भाग ले रहे हैं। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रशिक्षक प्रियांशु ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भूकंप, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने वाले भवनों के निर्माण की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही ईंट, बालू, गिट्टी और सीमेंट के गुणवत्तापूर्ण उपयोग तथा निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रमाणपत्र के आधार पर उन्हें अन्य राज्यों में भी रोजगार प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न निर्माण योजनाओं में प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों को प्राथमिकता दिए जाने का प्रावधान है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों के भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रत्येक राजमिस्त्री को 7,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा 1,000 रुपये मूल्य के निर्माण उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन चार घंटे सैद्धांतिक (थ्योरी) और चार घंटे व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय राजमिस्त्रियों को आपदा रोधी निर्माण तकनीकों में दक्ष बनाकर सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण को बढ़ावा देना है।

मसौढ़ी में प्रखंड स्तरीय सहयोग समाधान शिविर, मौके पर बने जन्म प्रमाण पत्र; दर्जनों शिकायतों का निस्तारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पंचायत स्तर के बाद प्रखंड स्तर पर सहयोग समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मसौढ़ी प्रखंड की चरमा पंचायत स्थित तिसखोरा मध्य विद्यालय एवं बारा पंचायत सरकार भवन में सहयोग समाधान शिविर आयोजित किया गया। वहीं धनरूआ प्रखंड की संडा पंचायत में भी शिविर लगाया गया, जहां बीडीओ सीमा कुमारी उपस्थित रहीं। मसौढ़ी में आयोजित शिविर का नेतृत्व बीडीओ प्रभाकर कुमार एवं सीडीपीओ अनिता कुमारी ने किया। इस दौरान कई लाभुकों को मौके पर ही जन्म प्रमाण पत्र बनाकर वितरित किए गए। बीडीओ ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर कई लोगों को तत्काल जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया, जिससे उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। शिविर में भूमि विवाद, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मनरेगा से संबंधित दर्जनों शिकायतों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायती राज, जीविका, कृषि, स्वास्थ्य, आईसीडीएस, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा आवेदन की प्रक्रिया से भी लोगों को अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि एक ही स्थान पर सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी से समस्याओं के समाधान में काफी सुविधा हुई है। पहले छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय के कई चक्कर लगाने पड़ते थे, जबकि अब शिविर में ही तत्काल समाधान मिल रहा है।

अथमलगोला के उस्मानपुर में सहयोग शिविर, 42 में से आठ मामलों का मौके पर हुआ समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



अथमलगोला। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज उस्मानपुर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, नाला निर्माण, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामलों पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। उपस्थित अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन कर लाभुकों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि शिविर में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से आठ मामलों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी अंचलाधिकारी अशोक कुमार ने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

आठ महीने से मानदेय बकाया, आवास कर्मियों का हाल बेहाल, आर्थिक तंगी भुखमरी के कगार पर

मसौढ़ी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत काम कर रहे आवास सहायकों को 8 महीने से मानदेय नहीं मिला है। मसौढ़ी, धनरुआ, पुनपुन समेत सभी प्रखंड के कर्मी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मानदेय रुकने से कई परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति बन गई है। घर चलाने के लिए उन्हें कर्ज लेना पड़ रहा है। कर्मियों ने बताया कि योजना में केंद्र और राज्य सरकार के मद में राशि कम होने पर राज्य सरकार द्वारा पूर्ति का प्रावधान है। 2 सितंबर 2025 को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या-40 के तहत समय पर मानदेय भुगतान के लिए स्वीकृति भी दी गई थी। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर भुगतान नहीं हो रहा है। आवास सहायकों ने आरोप लगाया कि पंचायत स्तर पर काम करने वाले अन्य समकक्ष कर्मियों को समय पर मानदेय मिल रहा है, जबकि उनके साथ अलग व्यवहार किया जा रहा है। कम मानदेय के बावजूद उन्हें रोजाना क्षेत्र भ्रमण करना पड़ता है और प्रखंड व जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कई कर्मियों के पास अब ईंधन और यात्रा खर्च तक के पैसे नहीं बचे हैं। मानदेय नहीं मिलने से कर्मियों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बीमार परिजनों के इलाज में दिक्कत आ रही है। मानसिक तनाव बढ़ने से कई को मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं हो गई हैं। सभी कर्मियों ने विभाग और वरीय अधिकारियों से लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान करने की मांग की है। साथ ही आवास सहायकों की मांग स्थायी करने की भी मांग उठाई। कर्मियों ने चेतावनी दी कि भुगतान नहीं होने पर वे आंदोलन तेज करेंगे और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में योगाभ्यास व अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



दनियावां (पटना)। नई शिक्षा नीति के तहत श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में संचालित वॉलेंटियरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को योगाभ्यास, अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल तथा स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एईसी-4 के छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। योग सत्र में योग गुरु अजय कुमार (सेवानिवृत्त सैनिक), कृष्णा प्रसाद एवं रोहित राज ने प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, वृक्षासन और मंडूकासन सहित कई योगाभ्यास कराए। योगाचार्य अजय कुमार ने कहा कि महर्षि पतंजलि ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर नियमित शारीरिक श्रम और पैदल चलने की आदत अपनानी चाहिए, जिससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने भी छात्रों को विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया और उनके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से 10 जुलाई तक चलने वाले वॉलेंटियरशिप कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग की अपील की। उर्दू, पाली, गणित, प्राणीशास्त्र और वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बिहार अग्निशमन विभाग के उपाधिकारी नृपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल आयोजित की गई। साथ ही 101 एवं 112 आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जल-जीवन-हरियाली दिवस पर छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। जल-जीवन-हरियाली दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्रीमती गिरिजा कुंवर प्लस-2 उच्च विद्यालय, मसौढ़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण गोखले ने बताया कि राज्यव्यापी जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत विद्यालय के यूथ क्लब के बैनर तले प्रभात फेरी निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर जल संरक्षण, वृक्षारोपण और पर्यावरण बचाने के समर्थन में नारे लगाए तथा आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। प्रभात फेरी के बाद विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। गोपाल कृष्ण गोखले ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा प्रत्येक परिवार को कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यूथ क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित की जा रही है, ताकि वे समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बन सकें। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण गोखले के अलावा माधवी, अशोक कुमार, राज कुमार राय, तरुण कुमार सिन्हा, मो. सलीम, अंकिता, सोनाली, प्रवेश सिंह, मो. नदीम अहमद सिद्दीकी, गरिमा नायडू, प्रवीण, विनय कुमार, स्नेहा भारती, विकास कुमार, अंजली, सोनू मान, सरिता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मसौढ़ी के बांसडीह में टिंकू और सलोनी ने की एक ही फंदे में झूल कर आत्महत्या

मसौढ़ी। शादी के महज दो महीने ही हूई थी,जहाँ नव विवाहिता के हाथों की मेहंदी के रंग भी अभी ठीक ढंग से नहीं छूटे थे कि पति पत्नी ने अपने जिंदगी के सफर को अंत करने का निर्णय ले लिया और एक ही दुपट्टे में पति-पत्नी दोनों झुल कर आत्महत्या कर लिये। यह घटना बीते सोमवार की तकरीबन 3:00 बजे बांसडी गांव में घटी है। इस घटना से न केवल पूरा परिवार सकते में है बल्कि पूरे गांव में एक कोलाहल मच गई है। हर किसी के जेहन में बस यही एक सवाल उठने लगा है कि आखिर ऐसी क्या वजह रही कि दोनों ने आत्महत्या करने का निर्णय ले लिया,गौरतलब है की लहसुना थाना क्षेत्र के बांसडीह गांव में सोमवार दोपहर एक नवविवाहित जोड़े के मौत की खबर से पूरा परिवार और गांव गहरे सदमे में है। मृतकों की पहचान टोनी पासवान और उसकी पत्नी सलोनी के रूप में हुई है। दोनों की शादी इसी साल 4 मई को विक्रम थाना क्षेत्र के महजपुरा में धूमधाम से हुई थी। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह 7:30 बजे टोनी के पिता नागेंद्र पासवान पटना में ढलाई का काम करने चले गए थे। एवं उसकी मां खेत में धान रोपनी के लिए निकली थी। दोपहर करीब 3:30 बजे घर में दोनों के साथ अनहोनी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के चौकीदार संजय कुमार ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। टोनी, नागेंद्र पासवान का इकलौता बेटा था। परिवार के तीन बेटियों मे एक बडी बेटी की पिछले वर्ष हो चुकी है। इस दुखद घटना के बाद परिजन सदमे में हैं और कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं।

खगौल पहुंचे एमएलसी नवल किशोर यादव, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर शिक्षकों से संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



खगौल। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नवल किशोर यादव मंगलवार को खगौल स्थित बालिगा सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे। आगामी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संवाद किया तथा विद्यालयों के विकास और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। विद्यालय पहुंचने पर प्रभारी प्राचार्य महेरे दक्षशा, प्रधान लिपिक धर्मेंद्र कुमार, प्रबंध समिति सदस्य चंदू प्रिंस तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधान लिपिक धर्मेंद्र कुमार, लिपिक श्वेता सुमन, शिक्षक लाल कृष्ण कुमार, सुबोध कुमार तथा शिक्षिकाएं अमृता कुमारी, अफसाना आजमी और बिनीता कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एमएलसी नवल किशोर यादव ने कहा कि विद्यालयों के समग्र विकास के साथ-साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतनमान तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर उनकी आवाज सदन और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य महेरे दक्षशा ने एमएलसी को चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद एमएलसी ने बालिगा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अलावा रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कस्तूरबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा घनश्याम बालिका उच्च विद्यालय का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से मुलाकात कर आगामी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया।

जम्होर पीएचसी में टीबी मुक्त अभियान, फाइलेरिया व परिवार नियोजन पखवाड़े पर आशा-एएनएम को प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। सदर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) जम्होर में मंगलवार को 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान, फाइलेरिया उन्मूलन एवं परिवार नियोजन पखवाड़ा की सफलता को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम किशोर प्रसाद ने की। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य प्रबंधक मो. आसीन अख्तर एवं आशा मैनेजर राजेश कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन अभियानों की सफलता स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। इसलिए घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करें, रोगों के लक्षणों के प्रति लोगों को जागरूक करें तथा संदिग्ध मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र लाकर उपचार सुनिश्चित कराएं। प्रशिक्षकों ने कुष्ठ रोग, टीबी, फाइलेरिया तथा परिवार नियोजन से संबंधित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, समय पर अस्पताल में पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान चमकी बुखार (एईएस) के लक्षणों एवं बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि तेज बुखार, शरीर में ऐंठन, हाथ-पैर कांपना या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देने पर मरीज को बिना देर किए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना चाहिए, ताकि समय पर उपचार मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम उपस्थित रहीं।

पुनपुन पुलिस की कार्रवाई, तीन वारंटी गिरफ्तार

मसौढ़ी। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए समकालीन अभियान के तहत पुनपुन थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 3 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान तीनों वारंटियों को दबोचा गया। गिरफ्तार वारंटियों में आनंदी यादव पिता सुंदर यादव और सजीवन यादव पिता सुंदर यादव, दोनों निवासी नूरुद्दीनपुर थाना पुनपुन शामिल हैं। तीसरा आरोपी विजय यादव पिता सर्वी यादव, निवासी युगापुर थाना पुनपुन जिला पटना है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों लंबे समय से अलग-अलग कांडों में फरार चल रहे थे और न्यायालय से इनके खिलाफ वारंट जारी था। पुलिस को लगातार इनकी तलाश थी। समकालीन अभियान के तहत मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह का अभियान आगे भी चलाया जाएगा।

पिपरा पुलिस ने 200 लीटर देसी शराब के साथ सीएनजी ऑटो किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिपरा थाना पुलिस ने सोमवार शाम लालचक मोड़ के समीप कार्रवाई करते हुए 200 लीटर देसी शराब से लदा एक सीएनजी ऑटो जब्त किया। हालांकि पुलिस को देख चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान संदिग्ध सीएनजी ऑटो को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही चालक कुछ दूरी पहले ही वाहन छोड़कर भाग निकला। इसके बाद पुलिस ने ऑटो की तलाशी ली, जिसमें रखी तीन बोरियों से पॉलीथीन में पैक करीब 200 लीटर देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ सीएनजी ऑटो को भी जब्त कर लिया है। वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर उसके मालिक की पहचान की जा रही है। वहीं फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण अथवा तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

पुनपुन एसएमडी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



मसौढ़ी। 29 बिहार बटालियन एनसीसी पटना की एसएमडी कॉलेज पुनपुन इकाई ने मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए पूरे परिसर की साफ-सफाई की और प्लास्टिक व अन्य कचरे का उचित निस्तारण किया। कैडेट्स ने परिसर में घूम-घूम कर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और कचरा इधर-उधर न फेंकने का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य कॉलेज को स्वच्छ-सुंदर रखना और कैडेट्स में सामाजिक उत्तरदायित्व व पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना था।इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. मधुरेंद्र, एनसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार और सीनियर अंडर ऑफिसर मनीष कुमार ने कैडेट्स के काम की सराहना की। उन्होंने सभी कैडेट्स से नियमित रूप से सफाई रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी ने स्वच्छता की शपथ लेकर किया।

बरौनी रिफाइनरी में स्वच्छता पखवाड़ा पर जागरूकता कार्यक्रम

गीत संगीत तथा पदयात्रा के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बेगूसराय। बरौनी रिफाइनरी में स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी है विषय पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता एवं स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 3 जुलाई को महना एवं नूरपुर गांवों में स्थानीय ग्रामीणों के बीच हाइजीन किट्स का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा स्वच्छ आदतों को प्रोत्साहित करना था। उन्हे साबुन, ब्लीचिंग पाउडर, टी-शर्ट तथा आस पास वृक्षारोपण के लिए पेड़ भी प्रदान किए गए। इसी क्रम में 3 एवं 4 जुलाई को सांस्कृतिक संस्था 'द प्लेयर्स एक्ट' रंगमंडल द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बेगूसराय रेलवे स्टेशन, केंद्रीय विद्यालय, इंजीन्यरिंग कॉलेज, एसओएस गाँव, बरौनी रिफाइनरी मुख्य द्वार, रिफाइनरी टाउनशिप तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर नुक्कड़ नाटक 'स्वस्थ भारत, सुंदर भारत' का सफल मंचन किया गया। कलाकारों ने स्वच्छता पखवाड़ा 2026 की थीम 'स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी है' का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत एवं प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त सोमवार को बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत डीजीआर लाइन से स्वच्छता ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर की गई। पदयात्रा में डीजीआर कर्मचारियों, बरौनी रिफाइनरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, अनुबंध श्रमिकों तथा टाउनशिप वासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पदयात्रा डीजीआर लाइन से प्रारंभ होकर बरौनी रिफाइनरी अस्पताल, कल्याण केंद्र, सूर्य सरोवर तालाब, आईओसी केंद्रीय विद्यालय तथा बीआरसीसी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स होते हुए अतिथि गृह के समीप संपन्न हुई। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता संबंधी संदेशों एवं नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

गर्भवती माताओं को पोषण व सुरक्षित मातृत्व का दिया गया संदेश

गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं, उनके परिजनों एवं ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई तथा उन्हें सम्मानित कर सुरक्षित मातृत्व, संतुलित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया।नावकोठी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-43 की सेविका पूनम कुमारी एवं पहसारा पूर्वी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-106 की सेविका सारिका कुमारी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में अक्सर रक्त की कमी हो जाती है। ऐसे में संतुलित एवं पौष्टिक आहार के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गोदभराई कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर पोषण, सुरक्षित प्रसव और गर्भस्थ शिशु के समुचित विकास के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट एवं वसा युक्त संतुलित भोजन के साथ हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, दाल, दूध, सूखे मेवे तथा अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन करना चाहिए। सेविकाओं ने कहा कि उचित पोषण से स्वस्थ शिशु के जन्म की संभावना बढ़ती है, मातृ मृत्यु दर में कमी आती है तथा प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं का खतरा भी कम होता है। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर पारंपरिक रूप से गोदभराई की गई। साथ ही उन्हें अनाज, फल, सब्जियां, आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां एवं अन्य पोषण सामग्री भेंट की गई।कार्यक्रम में एलएस शालिनी कुमारी, सुनीता कुमारी एवं कुमारी कृष्णा की मौजूदगी रही। वहीं सेविकाओं में काजल कुमारी, पूनम कुमारी, मीना, प्रेमा, शीला कुमारी, मीना कुमारी, मंजू कुमारी, पूनम देवी, निभा कुमारी, राधा कुमारी, रानी, मीनू, लक्ष्मी, विनीता कुमारी एवं सरिता कुमारी सहित अन्य सेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर प्रमिला कुमारी, रोजी खातून, बिंदु, मधु रानी, शोभा, रंजू समेत बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, अभिभावक एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

शांतिपूर्ण समाधान की अपील के साथ बरौनी रिफाइनरी ने जताई संवेदना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। मंगलवार को बरौनी रिफाइनरी के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन के दौरान कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएँ सामने आईं, जिनमें सुरक्षा अवसंरचना एवं औद्योगिक परिसंपत्तियों को क्षति पहुँची तथा आवागमन बाधित हुआ। रिफाइनरी प्रबंधन ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से शांति एवं संवाद का मार्ग अपनाने की अपील की है। प्रबंधन ने बताया कि दिवंगत अनुबंधित श्रमिक म/प शार्प टैंक के अधीन कार्यरत थे तथा घटना रिफाइनरी परिसर के बाहर हुई थी। रिफाइनरी ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए मानवीय दृष्टिकोण एवं श्रम कानूनों के अनुरूप लगातार समन्वय किए जाने की बात कही। साथ ही, ठेकेदार को उसके दायित्वों के शीघ्र निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप मृतक परिवार को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। रिफाइनरी प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि सभी कार्यवाही निर्धारित प्रक्रियाओं, संविदात्मक प्रावधानों और लागू कानूनों के तहत ही संभव है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ असामाजिक तत्व इस संवेदनशील स्थिति का अनुचित लाभ उठाकर अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जो औद्योगिक सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द के लिए उचित नहीं है। बरौनी रिफाइनरी पूर्वी भारत की ऊर्जा आपूर्ति के साथ-साथ नेपाल को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसी परिस्थितियाँ इसके सुरक्षित एवं निर्बाध संचालन को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे हजारों परिवारों की आजीविका पर असर पड़ सकता है। अंत में, रिफाइनरी प्रबंधन ने सभी हितधारकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए किसी भी समस्या के समाधान हेतु शांतिपूर्ण एवं कानूनसम्मत मार्ग अपनाने का अनुरोध किया है।

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने की पुरस्कार प्राप्त बचाव दल की सराहना

लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भागलपुर। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने मंगलवार को एक समीक्षा बैठक के दौरान हावड़ा, सियालदह तथा लिलुआ कारखाना की समर्पित राहत एवं बचाव टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।
इस टीम को 24 जून, 2026 को तारातला में हुई दुखद घटना के बाद चौबीसों घंटे चलाए गए अनुकरणीय बचाव एवं पुनर्स्थापन कार्यों के लिए हाल ही में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। महाप्रबंधक ने सम्मानित किए गए 90 रेलवे अधिकारियों तथा प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर की असाधारण वीरता, अनुशासन तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), भारतीय सेना एवं स्थानीय प्रशासन के साथ उनके उत्कृष्ट समन्वय की सराहना की। सम्मान समारोह के पश्चात समीक्षा बैठक में आधारभूत संरचना एवं प्रदर्शन संबंधी विषयों पर भी व्यापक चर्चा की गई। सभी प्रधान विभागाध्यक्षों, मंडल रेल प्रबंधकों तथा मुख्य कारखाना प्रबंधकों की उपस्थिति में महाप्रबंधक ने सभी लंबित परियोजनाओं को शीघ्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि यात्री सुविधाओं में सुधार हो तथा परिचालन दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा- 'हमारे महाप्रबंधक द्वारा दिया गया यह उच्चस्तरीय सम्मान और सराहना हमारे कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी तत्परता, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को निरंतर बनाए रखने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।'

प्रारंभिक विद्यालयों में प्रथम त्रैमासिक परीक्षा शुरू

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा मंगलवार से शांतिपूर्ण वातावरण में शुरू हो गई है। परीक्षा 13 जुलाई तक संचालित होगी। पहले दिन कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, वहीं कक्षा एक एवं दो के बच्चों का मूल्यांकन लिखित के बजाय मौखिक रूप से ली जाएगी। जानकारी के अनुसार परीक्षा को निष्पक्ष, कदाचार मुक्त एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रथम दिन विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बताया कि विद्यालय में उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में परीक्षा संचालित की जा रही है।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : गिरिराज

डीएम एवं एसएसपी ने सहयोग शिविर का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बेगूसराय। समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने की। बैठक में संबंधित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। ग्रामीण विकास एवं आजीविका के अंतर्गत विकसित भारत-जी राम जी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान तथा सांसद आदर्श ग्राम योजना की प्रगति पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में बताया गया कि विकसित भारत-जी राम जी के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले की 217 पंचायतों में कुल 36,408 योजनाओं का चयन किया गया है। वहीं, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका संवर्द्धन की दिशा में जिले में अब तक 4,55,090 परिवारों को आच्छादित किया जा चुका है तथा कुल 38,532 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं। बैंकों द्वारा इन समूहों को 2,561 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया जा चुका है। सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 29,211 आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 15,780 आवास पूर्ण हो चुके हैं। स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं की समीक्षा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। अप्रैल से मई के बीच जिले में 17,530 गर्भवती महिलाओं का निबंधन किया गया है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनवरी से जून के बीच कुल 4,419 टीबी मामलों का नोटिफिकेशन किया गया। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जल जीवन मिशन तथा शहरी जलापूर्ति योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत कतिपय एजेंसियों की शिथिलता पर संबंधित एजेंसियों पर पेनाल्टी लगाने, आवश्यकतानुसार काली सूची में डालने तथा कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बेगूसराय द्वारा वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 में साइबर फ्रॉड के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की गई हैं। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष, विधान पार्षद उर्मिला ठाकुर, विधायक कुंदन कुमार, विधायक बछवाड़ा सुरेंद्र मेहता, विधायक तेघड़ा रजनीश कुमार, विधायक मटिहानी नरेंद्र कुमार सिंह, विधायक चेरियाबरियारपुर अभिषेक आनंद, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं दिशा के सदस्य उपस्थित थे।

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भागलपुर। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने आज जिले के कहलगांव में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया और जनसमस्याओं की त्वरित निष्पादन करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और आमजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस मौके पर जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय अधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे जिलाधिकारी श्रीमती पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका निष्पादन किया जाए। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शिविर में उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने लोगों से साइबर अपराध, नशामुक्ति एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने की अपील की तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया।

प्रखंड की दो पंचायतों में लगा सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को भगवानपुर प्रखंड के चंदौर और भीठसारी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। चंदौर पंचायत में आयोजित शिविर की अध्यक्षता मुखिया अनिल कुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि शिविर में राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, जमीन से संबंधित दाखिल-खारिज सहित अन्य समस्याओं को लेकर लगभग 50 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। मुखिया ने कहा कि सरकार की यह पहल सराहनीय है। अब आम लोगों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंचायत स्तर पर ही उनकी समस्याएं सुनी और हल की जा रही हैं। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला भूमि सुधार पदाधिकारी के अलावा अंचल के कई कर्मी मौजूद रहे। वहीं भीठसारी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन मुखिया सरस्वती देवी की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। शिविर में अंचलाधिकारी सहित अन्य अंचल कर्मी उपस्थित थे और लोगों की शिकायतों का समाधान किया गया। दोनों पंचायतों में लगे सहयोग शिविर से ग्रामीणों को काफी राहत मिली। लोगों ने कहा कि इस तरह के शिविर नियमित रूप से लगने चाहिए ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और बिना परेशानी के मिल सके।

राजकीय डिग्री महाविद्यालय की प्रथम सूची से 80 छात्रों का नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखण्ड के राजकीय डिग्री महाविद्यालय के अध्ययन केंद्र अकहा-रिऔना में स्नातक नामांकन प्रक्रिया के तहत प्रथम चयन सूची के आधार पर मंगलवार तक कुल 80 छात्र-छात्राओं का नामांकन संपन्न हुआ। प्रथम सूची में कुल 117 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था, जिनमें से निर्धारित अवधि के भीतर 80 विद्यार्थियों ने अपना नामांकन कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य अंजनी कुमार ने बताया कि राजनीति विज्ञान विषय में 22, इतिहास में 31 तथा हिंदी विषय में 27 छात्र-छात्राओं ने नामांकन लिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम सूची के अभ्यर्थियों के नामांकन की अंतिम तिथि मंगलवार, 7 जुलाई निर्धारित थी। अब जिलास्तर से द्वितीय चयन सूची जारी होने के बाद शेष सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दो स्वच्छता कर्मियों की नियुक्ति की गई है। राजेश मलिक एवं अशर्फी मलिक अब नियमित रूप से अध्ययन केंद्र की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था का दायित्व संभालेंगे।

उच्च विद्यालय में प्रबंधकारिणी समिति का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। उच्च माध्यमिक विद्यालय डफरपुर में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अभिभावकों, शिक्षा प्रेमियों एवं स्थानीय लोगों की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार ने की। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण हितों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित लोगों ने विद्यालय की गुणवत्ता में सुधार के लिए सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से प्रबंधकारिणी समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष के रूप में विधायक सह मंत्री संजय कुमार सिंह का चयन किया गया, जबकि प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी को सचिव बनाया गया। शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में अविनाश कुमार, भूमिदाता प्रतिनिधि के रूप में बलराम सिंह, अनुसूचित जाति सदस्य के रूप में सुधा कुमारी तथा शिक्षा प्रेमी सदस्य के रूप में सदानंद मिश्र को समिति में शामिल किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समिति की सक्रियता से विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को और बेहतर बनाया जा सकेगा। साथ ही बच्चों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी गति आएगी।अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने नवगठित समिति से विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय एवं पारदर्शी भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, सोनू कुमार, कुनाल कुमार, अर्चना कुमारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व रेलवे

बिड संख्या: जीईएम/2026/बी/7746211, दिनांक: 04.07.2026, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/ बीएमएफ/बीजीबी, बोगी मैन्युफैक्चरिंग फैक्टरी, पूर्व रेलवे, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, पिन-700 137 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए बोली आमंत्रित की जाती है: **वस्तु श्रेणी:** गुड्स ट्रांसपोर्ट सेवा - प्रति एमटी प्रति किमी आधारित सेवा - बोगी मैन्युफैक्चरिंग फैक्टरी, बजबज से एलएचबी बोगी फ्रेमों का भारत की विभिन्न रेलवे यूनिटों तक 700 किमी से अधिक दूरी के लिए परिवहन, प्रति एमटी प्रति किमी आधारित सेवा; ओपन बॉडी टॉरस.. **अनुमानित बिड मूल्य (सभी करों सहित) भारतीय रुपये में :** रु.1,00,80,658.31, **ईएमडी विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि :** रु.2,01,610/-, **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 120 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** दिनांक 25.07.2026 को 16.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** दिनांक 25.07.2026 को 16.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** रु.51 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 1 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है :** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़ :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्पष्टीकरण/प्रतिनिधित्व के अंश के तौर पर जमा किए गए दस्तावेज़ लॉगिन के बाद भाग लेने वाले अन्य निविदाकारों को भी प्रदर्शित किए जाएंगे)। **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया:** नहीं। **बिड का प्रकार :** दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय :** 2 दिन। **मूल्यांकन पद्धति :** कुल मूल्यवार मूल्यांकन। **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया।
MISC-97/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद
पुर्नअति अल्पकालिन आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2026–27** के शेष 8 माह के लिए निम्नांकित सैरातो की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–17.07.2026 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

1. संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित है:–

सैरात सं0	सैरात का नाम	सुरक्षित जमा राशि	अग्रधन की राशि
1.	औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क एवं गीतिका होटल के सामने चारपहिया वाहन और कारगिल चौक के पास दो पहिया वाहन, राजा नारायण सिंह पार्क के उत्तर और धरनीधर मोड (गया ज्वेलर्स) के पास बने वाहन पार्किंग से पार्किंग शुल्क की वसूली।	45,91,000.00	4,60,000.00

2. वसूली नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–

क्र0सं0	वाहन का नाम	प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि
1.	यात्री टेम्पो/यात्री टोटो	20.00 रू0 दैनिक
2.	छोटी बस/Traveller/407/709	75.00 रू0 दैनिक
3.	बडी बस	100.00 रू0 दैनिक
4.	चारपहिया वाहन से पार्किंग शुल्क	20.00 रू0
5.	दो पहिया से पार्किंग शुल्क	5.00 रू0

1. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक–17.07.2026 को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पूनः उपर्युक्त नियम/शर्तो के अधीन अगली तिथि दिनांक–21.07.2026 एवं 24.07.2026 को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।
2. डाक/बंदोबस्ती को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या https://www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् औरंगाबाद PR- 007228 (B & C) 2026-27
मुख्य पार्षद, नगर परिषद् औरंगाबाद
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर ओबरा विधायक ने की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता
रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के बस स्टैंड स्थित जैन धर्मशाला में बलिगांव में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर ओबरा विधायक प्रकाश चन्द्रा ने एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता अशोक कुशवाहा ने की, जबकि संचालन लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश चन्द्रा ने कहा कि रफीगंज प्रखंड में मुख्यमंत्री का आगमन क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं को जागरूक करने और अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

विधायक ने बताया कि बलिगांव जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में शामिल हो सकें। बैठक में वैश्य समाज के प्रखंड अध्यक्ष शंकर शौंडिक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, लालदेव पासवान, लोजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश गहलौत, चन्दन कुमार, अवधेश पासवान सहित एनडीए के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ठेला पलटने एवं मारपीट के मामले में प्राथमिकी, आरोपित गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता
रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज शहर के अब्दुलपुर में ठेला पलटने एवं मारपीट करने के मामले में रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में प्रमोद मेहता ने अपने बड़े भाई छोटू मेहता को नामजद आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया कि प्रमोद मेहता अपने घर के सामने ठेले पर छोला-चाट बेच रहे थे। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगा। पूर्व में भी इस संबंध में रफीगंज थाना में 229/26 दर्ज कराई गई थी। उसी के प्रतिशोध में सोमवार को आरोपी पुनः आया, गाली-गलौज की तथा ठेले को नाले में पलट दिया। शराब के नशे में था। सूचना पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि आरोपी छोटू मेहता को हिरासत में लेकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेजा जा रहा है। शिकायतकर्ता प्रमोद मेहता ने आरोप लगाया कि आरोपी उनके हिस्से की संपत्ति हड़पना चाहता है तथा उन्हें ससुराल में जाकर रहने का दबाव बनाता है।

एक नजर

हरनौत आधार केंद्र पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव

हरनौत। डिजिटल भारत और बेहतर नागरिक सुविधाओं के सरकारी दावों के बीच हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित आधार केंद्र पर लोगों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग नए आधार कार्ड बनवाने तथा नाम, पता, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक और अन्य अपडेट कराने के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन उनके लिए न बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।प्रखंड मुख्यालय परिसर में आरटीपीएस काउंटर, वसुधा केंद्र, आपूर्ति कार्यालय और जनता दरबार जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय संचालित हैं। सबसे अधिक भीड़ आधार केंद्र पर रहती है, जहां लोगों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। धूप और बारिश के दौरान महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और दिव्यांग खुले आसमान के नीचे या जमीन पर बैठकर इंतजार करने को विवश रहते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर दिलाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि आधार केंद्र पर स्थायी शेड, पर्याप्त बेंच-कुर्सियों तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था शीघ्र कराई जाए, ताकि नागरिकों को सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण में आवश्यक सेवाएं मिल सकें। अब लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

श्री चंद उदासीन महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला

हिलसा। प्रखंड क्षेत्र स्थित श्री चंद उदासीन महाविद्यालय परिसर में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वयंसेवी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें छात्रों को योग, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचंदजीत कुमार ने किया। इस दौरान प्लास्टिक मुक्त वातावरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा प्लास्टिक कचरे के उचित निपटारे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वॉलीबॉल सहित खेल गतिविधियों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेम कुमार ने कहा कि नियमित योग और पैदल चलने की आदत बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसरों से भी जोड़ने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर मीडियाकर्मी पिंकी कुमारी, कर्मचारी संघ के राजीव नयन, भारतीय परंपरा खेल प्रभारी डॉ. रवींद्र शाह, घनश्याम कुमार, डॉ. सम्राट, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. कमान कुमार, उपेंद्र कुमार, डॉ. मनोज, लेखपाल रोहित राज, पवन कुमार, गुड्डू कुमार, रिशु पटेल सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पुश्तैनी जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप

बिहारशरीफ। रहुई थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित दामोदर पासवान ने गांव के कुछ लोगों पर घर के सामने स्थित पुश्तैनी जमीन पर जबरन चापाकल गाड़ने, विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है।दामोदर ने बताया कि पहले रहुई थाना में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर एसपी कार्यालय में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2008 में तीन कट्ठा जमीन खरीदने का समझौता हुआ था, जिसमें दो कट्ठा का भुगतान किया जा चुका है। आरोप है कि अब उसी जमीन को लेकर विवाद खड़ा कर दोबारा पैसे की मांग की जा रही है। फिलहाल पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस मामले में पुलिस और दूसरे पक्ष का आधिकारिक बयान अभी सामने नहीं आया है।

ग्राम विकास सह सहयोग शिविर आयोजित

पकरीबरावां। प्रखंड के डुमरामा ग्राम पंचायत के पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार तथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के देखरेख में संपन्न कराया गया जिसमें मनरेगा जीविका, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, गली नाली, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर चर्चा एवं विचार विमर्श आम लोगों के साथ उपस्थित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आम नागरिकों की समस्या, समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आम लोगों से विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए उनके समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ गांव में रहने वाले लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

पावापुरी-नवादा नई रेल लाइन का सतौवा पंचायत में विरोध

गिरियक। पावापुरी-नवादा प्रस्तावित नई रेल लाइन को लेकर गिरियक प्रखंड की सतौवा पंचायत के ग्रामीणों और किसानों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पंचायत प्रतिनिधियों और किसानों ने पूर्व मध्य रेलवे के उप मुख्य अभियंता (निर्माण) को आपत्ति पत्र सौंपकर ग्रामसभा की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पंचायत की भागीदारी के बिना गांव की उपजाऊ कृषि भूमि को रेल परियोजना के लिए चिह्नित किया गया है, जो पंचायती राज व्यवस्था और संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है।ग्रामीणों के अनुसार 20 जून 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के तहत मौजा सतौवा के 189 प्लॉट रेल परियोजना के लिए चिन्हित किए गए हैं। उनका आरोप है कि ग्रामसभा की बैठक आयोजित किए बिना भूमि का सर्वेक्षण और सीमांकन किया गया, जिससे बड़ी संख्या में छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है।आपत्ति पत्र में बिहार पंचायती राज अधिनियम, 2006 की धारा 26, ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 तथा संविधान के अनुच्छेद 21 और 300ए का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि ग्रामसभा की राय के बिना इस प्रकार की कार्रवाई स्थानीय स्वशासन की भावना के अनुरूप नहीं है। किसानों का कहना है कि विकास योजनाओं में ग्रामसभा की भागीदारी अनिवार्य है, लेकिन इसकी अनदेखी की जा रही है।ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से वर्तमान रेल मार्ग को निरस्त कर ऐसा वैकल्पिक संरेखण तय करने की मांग की है, जिससे उपजाऊ कृषि भूमि और किसानों की आजीविका पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर उचित निर्णय नहीं होने पर लोकतांत्रिक एवं कानूनी तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।

पूर्व प्रेमी की हत्या मामले में प्रेमिका व उसके प्रेमी को उम्रकैद

नवादा। प्रेम-प्रसंग में पूर्व प्रेमी की हत्या कर शव और मोटरसाइकिल को जलाकर साक्ष्य मिटाने के बहुचर्चित मामले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विशेष न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 35-35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। दोषी ठहराए गए आरोपितों में पकरीबरावां थाना क्षेत्र के दिऔरा गांव निवासी भवानी कुमारी तथा असमा गांव निवासी सुधांशु कुमार उर्फ छोटू कुमार शामिल हैं। विशेष लोक अभियोजक महबूब उद्दीन ने बताया कि यह मामला नगर थाना कांड संख्या 1320/24 से संबंधित है। घटना 10 नवंबर 2024 की है। नगर थाना क्षेत्र के खरीदी बिगहा के समीप सड़क किनारे एक अर्धजला शव और पास में जली हुई मोटरसाइकिल बरामद हुई थी। मोटरसाइकिल के पंजीकरण नंबर के आधार पर पुलिस ने मृतक की पहचान धमौल थाना क्षेत्र के ढोढ़ा गांव निवासी प्रवीण कुमार के रूप में की। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने खुलासा किया कि प्रेम-प्रसंग में विवाद के कारण प्रवीण कुमार की हत्या की गई थी। हत्या के बाद शव और मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया था। पुलिस ने घटना के मात्र नौ दिनों के भीतर मामले का उद्भेदन कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सुनवाई पूरी कराई गई और घटना के लगभग 20 माह बाद अदालत ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस मामले में त्वरित अनुसंधान और स्पीडी ट्रायल के कारण पीड़ित परिवार को अपेक्षाकृत कम समय में न्याय मिला। अदालत का यह फैसला प्रेम-प्रसंग में हुई जघन्य हत्या के मामलों में त्वरित न्याय का एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

ओबरा विधायक का रफीगंज में भव्य स्वागत, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का किया आह्वान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता
रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज बाजार में ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा का वैश्य समाज की ओर से प्रखंड अध्यक्ष शंकर शौंडिक के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगों से आगामी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। वैश्य समाज के प्रखंड अध्यक्ष शंकर शौंडिक एवं दिलीप उर्फ कारू प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर वैश्य समाज के लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

इस दौरान विधायक को रफीगंज के कपड़ा व्यवसायी राजू जैन की पुत्री शिवानी के निधन की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिजनों को ढांढस बंधाया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के जिला संयोजक जितेंद्र गुप्ता, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, सोहन प्रसाद, भाजपा नेता शिवनारायण साव, टोटो शौंडिक, सूरज कुमार, अरुण कुमार, शिवनाथ प्रसाद, किशोरी मिस्त्री सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

ईटवां व डुमरा पंचायतों में सहयोग शिविर, 77 में से 72 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता
हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड की ईटवां एवं डुमरा पंचायत में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याओं और आवेदनों के साथ पहुंचे। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर एवं हेल्प डेस्क बनाए गए थे। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, बीपीआरओ मनोज कुमार, विद्युत विभाग के जेई प्रकाश कुमार तथा बीसीओ अभिनीत कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

शिविर में सर्वाधिक आवेदन राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित प्राप्त हुए। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। कुल 77 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 72 का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान ईटवां पंचायत के वार्ड संख्या-5 में स्वच्छता कर्मी की नियुक्ति में अनियमितता का भी मामला सामने आया। वार्ड निवासी मुन्ना कुमार ने आवेदन देकर बताया कि वर्ष 2025 में ग्रामसभा के माध्यम से उनकी स्वच्छता कर्मी के रूप में नियुक्ति हुई थी और उन्हें मानदेय भी मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2026 में उन्हें हटाकर वार्ड संख्या-2 के एक व्यक्ति की नियुक्ति कर दी गई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
मदनपुर। रफीगंज के बलिगांव में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यक्रम को लेकर मदनपुर के वार में एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र ने बैठक की। इस दौरान सुरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में विधायक को भव्य स्वागत किया गया। विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाएं। इसमें समाज के हर वर्ग के लोग चढ़ बढ़ कर सहभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को लेकर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। इसके अलावा कार्यक्रम की सफलता को लेकर विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने मदनपुर के टीवीएस एजेंसी परिसर में भी बैठक की जिसमें सैकड़ों लोग शामिल थे। इस अवसर पर अशोक कुशवाहा, वैश्य समाज के जिला संयोजक जितेंद्र गुप्ता, वैश्य समाज रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष शंकर शौंडिक, रफीगंज नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, प्रमोद अग्रवाल, शंभू कुमार, नगर पंचायत संभावित प्रत्याशी आलोक कुमार, रविशंकर प्रसाद गुप्ता, रंजन कुमार, रामस्वरूप प्रसाद, शंभू प्रसाद सिन्हा, धनेश्वर प्रसाद, अमन कुमार, अजय प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बारिश होते ही किसानों को सताने लगी खाद की चिंता

इफको बाजार में बारिश के बीच खाद को ले किसान लाइन में खड़े,

अन्य लाइसेंसधारी दुकानदारों की कोई चिंता नहीं,



नवबिहार टाइम्स संवाददाता
रफीगंज (औरंगाबाद)। आर्द्रा नक्षत्र के अंतिम चरण में हुई वर्षा से किसानों में आस जगी लेकिन खाद को ले चिंता सताने लगी।इफको बाजार में झमाझम वर्षा के बीच महिला एवं पुरुष किसान खाद के लाइन में खड़े दिखे।लेकिन इफको बाजार का काउंटर एवं स्तर बंद दिखा।साथ ही किसान सेवा केंद्र के नाम पर खाद के लिए प्राप्त प्राप्त लाइसेंसधारी अपनी दुकान बंदकर कर आराम फरमा रहे है। खाद को ले लाइन में खड़े किसान रामदास मिस्त्री,रोहन यादव, प्रदीप चौहान, केशव दास, पुष्पा देवी, राजमुनी देवी सहित अन्य किसानों ने बताया कि हमलोग खाद के लिए सुबह से पानी में भींगते हुए खड़े है लेकिन इफको बाजार का काउंटर एवं शटर बंद है। भीड़ को देखकर यहां के स्टाफ अंदर से काउंटर एवं शटर को बंद किए हुए है।किसान सेवा केंद्र के नाम पर खुले अन्य लाइसेंसधारी दुकानदारों अपना दुकान बंद किए हुए है।अगर सभी दुकानदार एक साथ दुकान खोलकर खाद बेचते तो किसानों को परेशानी नहीं होती। यहां खाद खत्म होने पर किसान सेवा केंद्र के नाम पर प्राप्त लाइसेंसधारी दुकान किसान सेवा के नाम पर खाद के लिए अधिक रुपए लेकर किसानों का शोषण करते है। दुकानदार के रसूखदार होने की वजह से शिकायत के बावजूद उनपर कोई कार्रवाई भी नहीं होती।इफको बाजार से महज 100 मीटर की दूरी पर अवस्थित किसान सेवा केंद्र पर ताला लटका हुआ पाया गया। इफको के मैनेजर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि खाद की कोई कमी नहीं है।किसान पानी पड़ते ही पूरे प्रखंड एकाएक इफको बाजार की ओर टूट पड़ते है ।जिससे वितरण में काफी परेशानी हो रही है। प्रशासन के लोग मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी में लगे है जिसके कारण भी परेशानी हो रही है। अन्य लाइसेंसधारी दुकानदारों को भी वितरण में सहयोग करना चाहिए ताकि किसान परेशान

विश्वास में लेकर साइबर ठगी, पुलिस ने लौटाए रूपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
औरंगाबाद। साइबर ठगों ने एक महिला को निशाना बनाते हुए उसके बैंक खाते से रुपये निकाल लिए। रुपये कटने की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और इसके बाद साइबर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। पीड़िता की पहचान औरंगाबाद के संध्या कुमारी के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, बीते दिनों उनके खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए 35000 रुपये निकाल लिए गए। संध्या कुमारी ने बताया कि मोबाइल पर खाते से रुपये कटने की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पूरे मामले की लिखित शिकायत साइबर थाना में भी दी। संध्या के अनुसार साइबर ठगों ने उन्हें विश्वास में लेकर ओटीपी की जानकारी ले ली उसके बाद उनके बैंक खाते से रूपये की निकासी कर ली। हालांकि पुलिस और बैंक की कार्रवाई से पहले साइबर अपराधियों ने जिस बैंक अकाउंट में राशि ट्रांसफर किया था उसमें से कुछ की निकासी कर ली थी, लेकिन पुलिस ने तत्परता से शेष राशि की निकासी करने से पहले खाते को फ्रीज करा दिया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस के अनुसार, आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू की गई तथा जरूरी कार्रवाई के बाद पीड़िता को 35000 रूपये वापस लौटाए गए। साइबर डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के खाते से यूपीआई के माध्यम से फ्रॉड किया गया था। कार्रवाई कर उसकी धनराशि को उसके खाते में वापस करा दिया है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। ओटीपी, सीवीवी, यूपीआई पिन या बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें। खाते से संदिग्ध ट्रांजेक्शन होते ही तुरंत बैंक और 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करें। साइबर अपराध की शिकायत जितनी जल्दी दर्ज होगी, रकम वापस मिलने की संभावना उतनी अधिक रहती है। पुलिस की इस कार्रवाई से दोनों पीड़ितों ने राहत जताते हुए टीम का आभार व्यक्त किया।

कौआकोल प्रखण्ड की छबैल पंचायत में लगाया गया सहयोग शिविर

कौआकोल। राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन के द्वारा मंगलवार को प्रखण्ड के छबैल पंचायत अंतर्गत पैक्स गोदाम भवन में सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सदर एसडीओ अमित अनुराग,बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार एवं स्थानीय मुखिया भोला प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में आम लोगों की समस्याओं के समाधान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटरों पर विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं,शिकायतों और विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए।

चार पंचायतों में लगा विशेष सहयोग शिविर, मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
अंबा, (औरंगाबाद)। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को कुटुंबा प्रखंड की अंबा, सूही, दधपा एवं पिपरा बगाही पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एसडीपीओ सुशील कुमार, बीडीओ प्रियांशु बसु, सीओ चंद्र प्रकाश, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सह प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दीपक, अंबा थाना के एसआई सुमित सुमन तथा पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में राशन कार्ड संशोधन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वास-भूमि, म्यूटेशन, मनरेगा जॉब कार्ड, नए बिजली कनेक्शन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय सहित 22 से अधिक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। पूर्व में पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किए जाने के कारण शिविर में प्रक्रिया तेज और व्यवस्थित रही। विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों ने आवेदनों की जांच कर साधारण मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। वहीं राजस्व एवं तकनीकी प्रकृति के जटिल मामलों के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। बीडीओ प्रियांशु बसु ने कहा कि सरकार की मंशा लोगों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को ऐसे सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। लोगों ने गांव में ही अधिकारियों की मौजूदगी और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचेगा। शिविर के सफल संचालन में मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मी एवं जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी रही।

बिहार सरकार

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

लोक-सुनवाई की सूचना

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स उमा एसोसिएट इन्फ्राटेक डेवलपर्स, निदेशकः आनन्द सिंह, पिताः श्री राम गोपाल सिंह, पताः एस20/56–102एफ/2/3 सोनल सदन, द माल रोड कैन्टोन्मेंट, जिला–वाराणसी, उत्तर प्रदेश–221002 द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद ब्लॉक–32 MoEF सोन–1C बालू घाट, मौजा–महुआवाँ, पोस्ट+थाना–बरेम ओ०पी०, ब्लॉक–नबीनगर, जिला–औरंगाबाद राज्य–बिहार में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी है तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालकसार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

दिनांकः	समय	प्रखंड का नाम	बालू घाट का मौजा	बालू घाट का नाम	लोक–सुनवाई का स्थल
14.08.2026	अपराह्न 12:30 बजे	नबीनगर, जिला–औरंगाबाद	महुआवाँ	औरंगाबाद ब्लॉक–32 MoEF सोन–1C बालू घाट	प्रखंड कार्यालय, नबीनगर, जिला–औरंगाबाद

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

PR. No. 007310 (B&C) 2026-27 सदस्य सचिव

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

राहुल दुबे गैंग पर हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो सक्रिय अपराधी गिरफ्तार

स्कॉर्पियो, पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस ने राहुल दुबे गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गिद्दी थाना क्षेत्र से गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक स्कॉर्पियो वाहन, एक देशी लोडेड पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो मैगजीन और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 6 जुलाई की रात पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि सफ़ेद रंग की स्कॉर्पियो से कुछ अपराधी हथियारों के साथ गिद्दी से मांडू होते हुए हजारीबाग की ओर आ रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने गिद्दी-मांडू मार्ग पर कनकी मोड़ के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर चालक ने कुछ दूरी पर वाहन रोक दिया और उसमें सवार लोग भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दो अपराधियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित सिंह उर्फ कुणाल तथा भोला उर्फ ओम प्रकाश पाल के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वयं को राहुल दुबे गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि गिरोह लूट, फिरौती, रंगदारी वसूली तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देता है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी लोडेड पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो मैगजीन, एक स्कॉर्पियो वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए।

पुलिस के अनुसार, मोहित सिंह का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह दिसंबर 2025 में उरीमारी थाना क्षेत्र के विस्थापित नेता दशई मांझी के घर पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल था। जनवरी 2026 में भी राहुल दुबे गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ हथियारों के साथ गिरफ्तार होकर जेल गया था। जेल से बाहर आने के बाद 2 जून 2026 को गिद्दी सीसीएल चेकपोस्ट पर हुई फायरिंग की घटना में भी उसकी संलिप्तता सामने आई थी। इस मामले में गिद्दी थाना कांड संख्या 17/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 111(2), 111(3) तथा आयुध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, गिद्दी थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन, केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, उरीमारी ओपी प्रभारी रथु उरांव, तकनीकी एवं नक्सल शाखा के पुलिसकर्मी तथा गिद्दी व उरीमारी थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कटकमसांडी थाना क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 25 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में कटकमसांडी थाना में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को मंगलवार को गुप्त सूचना मिली थी कि कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांढ़ गांव में दो व्यक्ति ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) अमित कुमार के नेतृत्व में कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक तथा सशस्त्र बल के साथ एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मो. रिजवान और मो. रफीक को गिरफ्तार किया। तलाशी में दोनों के पास से करीब 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यह मादक पदार्थ डांढ़ गांव निवासी छोटन साव से खरीदा था। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छोटन साव को भी गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से लगभग 13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। इस मामले में कटकमसांडी थाना कांड संख्या-109/26, दिनांक 7 जुलाई 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 22(बी), 29 एवं 32 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मो. रिजवान के खिलाफ पहले से हत्या समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं छोटन साव के विरुद्ध भी एनडीपीएस एक्ट का पूर्व मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों में मो. रिजवान (सुभाष मार्ग), मो. रफीक (सरदार रोड), दोनों थाना बड़ा बाजार, हजारीबाग तथा छोटन साव, ग्राम डांढ़, थाना कटकमसांडी, जिला हजारीबाग शामिल हैं। इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) अमित कुमार, पुलिस निरीक्षक सपन महथा, कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक तथा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस ने बरामद ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सलैया स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग को मिली नई ताकत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह जिले के सलैया रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और रेल सुविधाओं के विस्तार की लंबे समय से उठ रही मांग को नई मजबूती मिली है। सलैया संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने संजीव कुमार गुड्डू के नेतृत्व में संसदीय कार्यालय सचिव, भाजपा नई दिल्ली एवं कमल संदेश के संपादक शिवशक्ति बक्शी से गिरिडीह कैंप में मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि आसनसोल हटिया इंटरसिटी एक्सप्रेस (13513/13514) तथा गोड्डा-नई दिल्ली एक्सप्रेस (14049/14050) का सलैया स्टेशन पर नियमित ठहराव सुनिश्चित किया जाए, ताकि हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिल सके। साथ ही कोडरमा महेशमुंडा पैसेंजर ट्रेन का विस्तार मधुपुर तक करने की भी मांग की गई, जिससे गिरिडीह और आसपास के क्षेत्रों की रेल कनेक्टिविटी बेहतर हो सके शिवशक्ति बक्शी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह मामला पहले भी उनके संज्ञान में आया था और रेल मंत्री के समक्ष इसकी चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा, 'इस बार आप लोगों को मैं स्वयं दिल्ली बुलाऊंगा या साथ लेकर चलूंगा, यह मेरा वचन है।' उनके इस आश्वासन से संघर्ष मोर्चा के सदस्यों में उत्साह का माहौल है बैठक में गौतम सोनी, अमित छापरिया, मिथिलेश पांडेय, सनी चौरसिया और संतोष पांडेय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे सलैया संघर्ष मोर्चा का कहना है कि यह केवल ट्रेन ठहराव की मांग नहीं, बल्कि गिरिडीह के विकास, रोजगार, पर्यटन और बेहतर रेल संपर्क से जुड़ा जनहित का मुद्दा है। संगठन ने विश्वास जताया कि यह पहल अब दिल्ली तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी और क्षेत्रवासियों को जल्द सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे

महुआ एसडीपीओ पर गिरी गाज, लापरवाही के आरोप में अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा

डीआईजी की समीक्षा में आईं कई गंभीर खामियां सामने, लंबित मामलों, विभागीय जांच और अपराध नियंत्रण में लापरवाही का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। तिरहुत रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने महुआ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीव कुमार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की है। विभागीय कार्यों में लगातार लापरवाही, लंबित मामलों के निष्पादन में शिथिलता, निरीक्षण कार्यों में उदासीनता और सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्रवाई नहीं करने के आरोपों के बाद उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए बिहार पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजा गया है। डीआईजी कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार तिरहुत रेंज के सभी एसडीपीओ के कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही थी। इसी क्रम में महुआ एसडीपीओ के क्षेत्राधिकार में लंबित शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट के मामलों, अनुसंधान, पर्यवेक्षण और पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जांच में पाया गया कि पूर्व समीक्षा बैठकों में दिए गए कई महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

13 बिंदुओं पर मांगी गई थी सफाई

अनियमितताएं मिलने के बाद महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार से 13 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया। पुलिस अधीक्षक, वैशाली के माध्यम से उनका जवाब प्राप्त किया गया और एसपी ने अपने मंतव्य के साथ विस्तृत प्रतिवेदन डीआईजी कार्यालय को भेजा।

सात महीने में नहीं दिखी अपेक्षित प्रगति

रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसडीपीओ ने केवल तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जुलाई 2025 से जनवरी 2026 तक एक भी विभागीय जांच का निष्पादन नहीं किया गया। सामूहिक विभागीय जांच संचालन की बैठकों में भी उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई।

लंबित मामलों के निष्पादन में भी रही शिथिलता

समीक्षा में पाया गया कि पदभार ग्रहण करते समय उनके क्षेत्र में 2249 मामले अनुसंधान के लिए लंबित थे। सात महीने बाद भी लंबित मामलों की संख्या 2146 रही। इस अवधि में केवल 17 अतिरिक्त विशेष प्रतिवेदित मामलों का ही निष्पादन कराया गया। वहीं, उनके जिम्मे दिए गए पांच अनुसंधान मामलों में एक भी केस डायरी प्रस्तुत नहीं की गई और न ही जांच में कोई उल्लेखनीय प्रगति हुई।

शराब माफिया और वारंट मामलों में भी लापरवाही

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि महुआ अनुमंडल क्षेत्र में सक्रिय गिरोहों और शराब माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शराब तस्कर प्रभात सिंह कई मामलों में वांछित रहने के बावजूद उसकी गिरफ्तारी के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। इसके अलावा क्षेत्र के थानों में वारंट, इश्तेहार और कुर्की पंजी की समीक्षा भी नहीं की गई, जिससे रिकॉर्ड अद्यतन नहीं पाए गए।

पुलिस अधीक्षक, वैशाली ने अपने प्रतिवेदन में उल्लेख किया कि एसडीपीओ संजीव कुमार ने विभागीय दायित्वों के निर्वहन में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई और अधीनस्थ अधिकारियों पर प्रभावी नियंत्रण भी नहीं रखा। इससे अपराध नियंत्रण और सरकार की प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन में कठिनाई उत्पन्न हुई। एसपी की अनुशंसा से सहमत होते हुए तिरहुत डीआईजी ने महुआ एसडीपीओ के विरुद्ध अग्रेतर अनुशासनिक कार्रवाई के लिए विस्तृत प्रतिवेदन बिहार पुलिस मुख्यालय को भेज दिया है।

छाताबाद में भूधसान से कई घर क्षतिग्रस्त

धनबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बाघमारा अनुमंडल के कतरास थाना क्षेत्र स्थित छाताबाद ग्राउंड के पास मंगलवार को अचानक तेज आवाज के साथ भूधसान की घटना हुई। देखते ही देखते जमीन धंस गई और पास का एक तालाब भी इसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूधसान की वजह से आसपास के आधा दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके के करीब 70 से 80 घरों में रहने वाले लगभग 700 लोगों पर बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से हो रहे अवैध खनन के कारण यह भूधसान हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, मुआवजे तथा अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी कांड का किया खुलासा, एक आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गोड्डा। गोड्डा जिले के हनवारा थाना पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयरिंग दुकान में हुई चोरी के मामले का सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया गया है पुलिस के अनुसार, 4 जुलाई 2026 को हनवारा थाना कांड संख्या-29/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के अंतर्गत अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि हनवारा स्थित एजाज इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग दुकान का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के निर्देश पर गठित छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 जुलाई को मु. जावेद आलम (29 वर्ष), पिता स्व. मो. ताहिर आलम, निवासी हनवारा, जिला गोड्डा को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली आरोपी की निशानदेही पर हनवारा स्थित गेरूवा नदी पुल के नीचे छिपाकर रखा गया चोरी का सामान बरामद किया गया। इसके बाद विधिवत जप्ती सूची तैयार कर सामान जब्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है।बरामद सामान में शामिल हैं स्टेबलाइजर रिले 7 पीस, चार्जिंग केबल 2 पैकेट 20 पीस रोटरी स्विच 2 पीस पुरानी ग्राइंडर मशीन 1 पीस नया इन्वर्टर पीसीबी 1 पीस लगभग 1 किलोग्राम खुला वाइंडिंग तार स्टेबलाइजर ट्रांसफॉर्मर 1 नया एवं 5 पुराने छापामारी दल में शामिल अधिकारी पुनि उपेंद्र कुमार महतो (महागामा प्रभाग थाना प्रभारी ध्रुव कुमार सअनि विजय कुमार राम हनवारा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

सहयोग शिविर में अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

शिवाजीनगर। शिवाजीनगर प्रखंड की जाखर धरमपुर एवं रानीपरती पंचायत में मंगलवार को आमजनों की समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया इस अवसर पर अंचल अधिकारी बीणा भारती, बीपीआरओ नाजिश परवीन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निभा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार, पीएचसी प्रभारी डॉ. सुमित कुमार, हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह, शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, जीविका बीपीएम नीतू कुमारी, जखर धरमपुर पंचायत के मुखिया महेश साहू तथा रानीपरती पंचायत के मुखिया विनोद पासवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाए गए, जहां ग्रामीणों ने राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, आंगनबाड़ी, मनरेगा, जीविका, आवास योजना, पेयजल एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों से अधिकारियों को अवगत कराया। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

उसरी फॉल को बर्बाद नहीं होने देंगे, जरूरत पड़ी तो होगा जनआंदोलन : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। भाकपा (माले) नेता राजेश सिन्हा ने आरोप लगाया है कि बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन उसरी नदी का पानी करीब दो किलोमीटर दूर स्थित अपने संयंत्र तक ले जाने के लिए नदी और सड़क किनारे पाइपलाइन बिछाने का कार्य दोबारा शुरू कर चुका है। उन्होंने कहा कि इससे उसरी फॉल और आसपास के पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा राजेश सिन्हा ने बताया कि करीब दो महीने पहले भी फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा पाइपलाइन बिछाने का प्रयास किया गया था। उस समय भाकपा (माले), पर्यावरण प्रेमियों, स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद काम रुक गया था। उनका दावा है कि उस दौरान पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी लिखित रूप से बताया था कि इस तरह की पाइपलाइन बिछाने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है उन्होंने कहा कि इस विरोध में कन्हाई पांडेय, मसूदन कोल, किशोर राय, नवीन पांडेय सहित कई ग्रामीण तथा जनप्रतिनिधि शुभंकर, विजय, विकास राय और गंगापुर के ग्रामीण भी शामिल हुए थेड्डमाले नेता का आरोप है कि अब बिना पथ निर्माण विभाग और प्रशासन को सूचित किए फिर से पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह कार्य किसी राजनीतिक संरक्षण में किया जा रहा है तो उसके खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सार्वजनिक रूप से विरोध दर्ज कराया जाएगा राजेश सिन्हा ने बताया कि उन्होंने इस मामले की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार तथा पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता राम विलास सिंह को फोन पर दी है। उनके अनुसार अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेकर जांच का आश्वासन दिया है उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन उसरी फॉल से लगभग आधा किलोमीटर पहले नदी से पानी खींचकर फैक्ट्री तक ले जाने की योजना बना रहा है। उन्होंने मांग की कि यदि पाइपलाइन बिछाई गई है तो प्रशासन तत्काल उसे हटाए। अन्यथा वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने के बाद व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा राजेश सिन्हा ने पर्यावरण प्रेमियों और आम नागरिकों से भी उसरी नदी एवं उसरी फॉल के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, जिसे गिरिडीह की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

जीटी रोड सिक्स लेन का तेज गति से चल रहा कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जीटी रोड के सिक्सलेन निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। एनएचएआई ने निर्माण कंपनी को दिसंबर 2026 तक सभी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। अधिकांश सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब केवल कुछ प्रमुख संरचनाओं जैसे वाहन अंडरपास और पब्लिक अंडर पास का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। शिवगंज में वीयूपी, ओरा में पीयूपी बनकर तैयार है। इन संरचनाओं के पूरा होने के बाद जीटी रोड पूरी तरह से छह लेन में परिवर्तित हो जाएगी। एनएचएआई के एक अधिकारी के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्माण कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं और प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। बता दें कि सड़क के सिक्सलेन होने से यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। बता दें कि यह परियोजना वर्ष 2011 में शुरु हुई थी जिसे वर्ष 2014 में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित था परंतु जमीन अधिग्रहण में आई बाधाओं के कारण परियोजना अबतक पूरी नहीं हो सकी है। इसके बाद नए सिरे से कार्य शुरू होने पर परियोजना ने रफ्तार पकड़ी है। बता दें कि जीटी रोड देश की महत्वपूर्ण लाइफलाइन है जो नई दिल्ली को सीधे कोलकाता से जोड़ती है।

मानसून की बारिश के बाद कौआकोल बाजार की हालत नारकीय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कौआकोल। मानसून की पहली अच्छी बारिश ने कौआकोल मुख्य बाजार की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी है। लगातार हुई बारिश के बाद बाजार के कई स्थानों पर जलजमाव हो गया है। जिससे राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर कीचड़ और गंदा पानी जमा रहने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में वर्षों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई दुकानों के सामने पानी भर जाने से ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है,जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। बाइक और साइकिल सवारों के फिसलने का खतरा बना हुआ है, जबकि स्कूली बच्चों, महिलाएं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों और व्यवसायियों ने आरोप लगाया कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। लोगों में इस बात को लेकर काफी नाराजगी है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में बाजार की यही स्थिति रहती है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। नगर थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को शहर स्थित पटेल कोचिंग संस्थान में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। संवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने पॉक्सो अधिनियम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, नशा मुक्ति अभियान, महिला सुरक्षा तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई सशक्त कानून बनाए गए हैं, जिनकी जानकारी प्रत्येक नागरिक को होनी चाहिए। पुलिस पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, बाल विवाह, नशे के कारोबार, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध अथवा बच्चों के शोषण जैसी घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करना और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और व्यवहारिक तरीके से उत्तर दिया। साथ ही साइबर अपराध, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीकों की भी जानकारी दी गई। कोचिंग संस्थान के प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में कानूनी समझ विकसित करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने कानून का सम्मान करने, नशे से दूर रहने तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।



यूथ वनडेः श्रीलंका के खिलाफ 'द्रविड़' ने जड़े 87 रन

हम्बनटोटा। भारत के महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने भारत अंडर-19 टीम की तरफ से खेलते हुए सोमवार को श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे मैच में 87 रन बनाए। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 67 गेंदों की इस पारी में 1 छक्का और 9 चौके लगाए, लेकिन टीम मैच गंवा बैठी। सोमवार को महिंदा राजपक्षे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अन्वय द्रविड़ की इस शानदार पारी की बदौलत भारतीय टीम ने 285 रनों का विशाल स्कोर बनाया, लेकिन श्रीलंका ने इस मैच को 8 विकेट शेष रहते अपने नाम कर लिया। भारतीय

● विशाल स्कोर के बावजूद भारत की हार

टीम ने पहला मैच 4 विकेट से जीता था, लेकिन अब तीन मुकाबलों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का अंतिम मैच 9 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाना है। इसके बाद 13 जुलाई से दो अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हम्बनटोटा में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 47.2 ओवरों में 285 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम ने 11 के स्कोर तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कुशाग्र ओझा ने वीके विनीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 गेंदों में 67 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। विनीत 45 गेंदों में 4 चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अन्वय द्रविड़ बल्लेबाजी के लिए उतरे और अर्जुन राजपूत के साथ पांचवें विकेट के लिए 126 गेंदों में 144 रन जुटाए। अर्जुन 81 गेंदों में 10 बाउंड्री के साथ 76 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अन्वय ने 87 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। श्रीलंकाई खेमे से गिमहान मेंडिस ने 8.2 ओवरों में 41 रन देकर सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि कविजा गमागे ने 2 विकेट निकाले। एक विकेट सेथमिका सेनेविरात्ने के हाथ लगा।

इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने 48 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस टीम को 25 के स्कोर पर दुलनिथ सिगेरा (14) के रूप में शुरुआती झटका लग गया था। इसके बाद दिमंथा महाविथाना ने सेनुजा वेकुनागोडा के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करते हुए जीत की नींव रख दी।

उप्र में जन्मे विनायक शुक्ला बने ओमान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान

मस्कट। ओमान क्रिकेट ने भारतीय मूल के विकेटकीपर-बल्लेबाज विनायक शुक्ला को पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया है। टीम के उप-कप्तान रहे शुक्ला ने जतिंदर सिंह की जगह ली है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत में हुए आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ओमान की कमान संभाली थी। ओमान क्रिकेट ने विनायक शुक्ला को कप्तान इसलिए चुना है, क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में टीम की तरक्की और सफलता में अहम भूमिका निभाई है। ओमान क्रिकेट ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए नए कप्तान की घोषणा करते हुए कहा, 'एक नए अध्याय की शुरुआत। ओमान क्रिकेट गर्व के साथ विनायक शुक्ला को ओमान पुरुष क्रिकेट टीम का कप्तान घोषित करता है।' पिछले कुछ वर्षों में टीम की तरक्की और सफलता में अहम योगदान देने के बाद, 32 वर्षीय विनायक अब राष्ट्रीय टीम को अगले अध्याय में ले जाने की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



18 जून 1994 को उत्तर प्रदेश के कानपुर में जन्मे विनायक शुक्ला अपने कोच की सलाह पर बेहतर अवसरों की तलाश में साल 2021 में ओमान चले गए थे। इसके बाद उन्होंने अपने रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने के लिए 'नेशनल मेटल कैंस' में डेटा ऑपरेटर की नौकरी की। इसके साथ ही क्रिकेट खेलना भी जारी रखा।

विनायक ने 14 दिसंबर 2024 को टी20 मैच के साथ ओमान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था। इसके बाद 10 फरवरी 2025 को एशिया कप में नामीबिया के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। विनायक शुक्ला ओमान के पसंदीदा विकेटकीपर बने, उन्होंने खास तौर पर टी20 क्रिकेट में मिडिल ऑर्डर से तेजी से रन बनाकर प्रभावित किया है। विनायक शुक्ला ने अपने करियर में 15 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 26 की औसत के साथ 312 रन बनाए। वहीं, 23 टी20 मुकाबलों में उनके बल्ले से 2 अर्धशतकों के साथ 447 रन निकले। विनायक 15 लिस्ट-ए मुकाबलों में 312 रन जोड़ चुके हैं।

विंबलडन

जैनिक सिनर ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, मोचिजुकी को सीधे सेटों में हराया

लंदन। दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के क्वालिफायर शिंटारो मोचिजुकी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6(0), 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यह लगातार पांचवां मौका है जब सिनर ने विंबलडन के अंतिम आठ का टिकट हासिल किया है। इस जीत के साथ सिनर ओपन एरा में ग्रास कोर्ट मेजर के पांचवें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ 11वें खिलाड़ी हैं। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सक्रिय खिलाड़ियों में केवल सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे



खिलाड़ी हैं। मैच की शुरुआत में जापान के शिंटारो मोचिजुकी ने शानदार खेल दिखाया और कुछ मौकों पर सिनर को दबाव में भी डाला। उन्होंने पहले ब्रेक प्वाइंट हासिल किया, लेकिन सिनर ने तुरंत वापसी कर ब्रेक बचा लिया। हालांकि, सिनर ने जल्द ही मोचिजुकी की सर्विस तोड़कर पहले सेट को 6-3 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में मुकाबला काफी रोमांचक रहा। मोचिजुकी ने अपनी सर्विस पर बेहतर नियंत्रण दिखाया और शुरुआती गेम में कोई पॉइंट नहीं गंवाया। उन्होंने लंबे रैलियों में भी सिनर को चुनौती दी।

टी20 सीरीजः जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान

वैभव-रिंकू को मौका

● सैमसन बाहर



मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी20 मुकाबलों की सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में एक बार फिर 15 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया है। तिलक वर्मा टीम के उप-कप्तान होंगे। वैभव सूर्यवंशी आयरलैंड के खिलाफ दो मुकाबलों की टी20 सीरीज का हिस्सा थे, लेकिन वहां उन्हें मौका नहीं मिल सका। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में भी वह प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे। आखिरकार, दूसरे मुकाबले में वैभव को मौका दिया गया, जिसके साथ 15 साल और 99 दिन की उम्र में वैभव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बन गए थे। हालांकि, अपने डेब्यू मैच में वैभव 14 रन ही बना सके थे। मैच फिनिशिर रिंकू सिंह ने टी20 टीम में वापसी की है। इनके अलावा, प्रिंस यादव, यश ठाकुर और अशोक शर्मा भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। अशोक शर्मा ने आईपीएल 2026 में अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से सुर्खियां बटोरी थीं। हर्ष दुबे और वरुण चक्रवर्ती को स्पिन गेंदबाज के तौर पर टीम में शामिल किया गया है, लेकिन इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा रहे अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को मौका नहीं दिया गया। विकेटकीपिंग का जिम्मा ईशान किशन और प्रभसिमरन सिंह को सौंपा गया है। संजू सैमसन इस सीरीज से बाहर हैं।

दोनों देशों के बीच 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्थित हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टी20 सीरीज के तीनों मैच खेले जाने हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में नितीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को शामिल किया है।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बदलाव

रेड्डी की जगह दुबे टीम में शामिल



मुंबई। इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने जा रही तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज से पहले चोटिल नितीश कुमार रेड्डी की जगह सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर शिवम दुबे को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दुबे इंग्लैंड में जारी पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को कहा कि दुबे वनडे सीरीज के लिए भी वहीं रुकेंगे, क्योंकि रेड्डी अभी भी क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं।

रेड्डी के रिहैबिलिटेशन के कारण उन्हें पहले ही आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और जिम्बाब्वे के विरुद्ध आगामी तीन मुकाबलों की सीरीज से बाहर कर दिया गया था। देवजीत सैकिया ने कहा, 'सिलेक्शन कमिटी ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में नितीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को चुना है।

भारत की अपडेटेड वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार, शिवम दुबे।

यूथ हॉकी : 5-एस एशियन चैंपियनशिप से पहले सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कैंप के लिए खिलाड़ियों की घोषणा

नई दिल्ली । हॉकी इंडिया ने यूथ हॉकी 5-एस एशियन चैंपियनशिप 2026 की तैयारी के लिए सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कैंप में हिस्सा लेने जा रहे 15 खिलाड़ियों के नामों का ऐलान कर दिया है। यह प्रतियोगिता ओमान की राजधानी मस्कट में 20 से 25 जुलाई के बीच आयोजित होगी, जिससे पहले नेशनल कैंप 7 से 18 जुलाई तक चंडीगढ़ के सेक्टर 14 स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जाएगा। देश के होनहार युवा खिलाड़ी कोच और भारत के पूर्व कप्तान सरदार सिंह की देखरेख में ट्रेनिंग करेंगे। इस ग्रुप के सभी 15 खिलाड़ी उस भारतीय टीम का भी हिस्सा रहे हैं, जिसने हाल ही में संपन्न अंडर-18 पुरुष एशिया कप 2026 के फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता था।



दो सप्ताह के इस कैंप का मकसद खिलाड़ियों को हॉकी 5-एस की रणनीतिक और तकनीकी जरूरतों से परिचित कराना और साथ ही व्यवस्थित ट्रेनिंग सेशन के जरिए उनके खेल को बेहतर बनाना है।

पहला वनडेः 'लो स्कोरिंग' मैच में जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को 25 रन से हराया

सीरीज में 1-0 से लीड

हरारे। जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश के खिलाफ हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए वनडे सीरीज के पहले मैच में 25 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। सोमवार को हरारे में खेले गए मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम महज 36.4 ओवरों में 141 रन पर सिमट गई। इस टीम को 36 के स्कोर पर बेन करन (18) के रूप में पहला झटका लगा। इसी स्कोर पर ब्रायन बेनेट (17) भी चलते बने। 7 ओवरों में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि टीम ने 70 के स्कोर तक अपने 8 विकेट खो दिए थे। यहां से रिचर्ड नगारवा ने न्यूमैन न्याम्हुरी के साथ 9वें विकेट के लिए 81 गेंदों में 63 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। न्यूमैन न्याम्हुरी ने 5 चौकों के साथ 33 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान रिचर्ड नगारवा ने 27 रन जुटाए। इनके अलावा, इनोसेंट काइया ने 26 रन का योगदान दिया।



बांग्लादेश की तरफ से नाहिद राणा ने 10 ओवरों में 21 रन देकर 6 विकेट निकाले। इनके अलावा, तस्कीन अहमद ने 2 विकेट हासिल किए। एक विकेट मेहदी हसन के हाथ लगा। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम 33.1 ओवरों में 116 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 17 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। यहां से तौहीद हिरदॉय ने नुरुल हसन के साथ चौथे विकेट के लिए 88 गेंदों में 49 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को संभालने की कोशिश की, लेकिन इस जोड़ी के टूटने के बाद टीम बिखर गई।

फीफा वर्ल्ड कपः इंग्लैंड ने कटाया क्वार्टर फाइनल का टिकट

नई दिल्ली । इंग्लैंड ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्वार्टर फाइनल का टिकट कटा लिया है। रोमांच से भरपूर मुकाबले में इंग्लिश टीम ने मेक्सिको को 3-2 से हराया। इस हार के साथ ही मेक्सिको का विश्व कप में सफर समाप्त हो गया है। इंग्लैंड की ओर से इस अहम मुकाबले में जूड बेलिंगहम ने दो गोल दागे। वहीं, कप्तान हैरी केन ने भी एक गोल किया। मेक्सिको की तरफ से क्विनोन्स और राउल जिमिनेज ने एक-एक गोल किया। खराब मौसम के कारण देरी से शुरू हुए मैच की शुरुआत दोनों ही टीमों की तरफ से बेहद आक्रामक रही। इंग्लैंड और मेक्सिको की तरफ से लगातार हमले किए गए।

इंग्लैंड की टीम मुकाबले का पहला गोल करने में सफल रही। मैच के 36वें मिनट में जूड बेलिंगहम ने टीम की ओर से पहला गोल दागा। इसके बाद मैच के 38वें मिनट में बेलिंगहम ने इंग्लैंड की बढ़त को जल्द ही दोगुना कर दिया। दोनों गोलों के बीच अंतर सिर्फ 98 सेकंड का रहा।

● रोमांचक मुकाबले में मेक्सिको को 3-2 से हराया



हालांकि, मेक्सिको ने जल्द ही मुकाबले में वापसी की। टीम की ओर से क्विनोन्स ने मैच के 42वें मिनट में मेक्सिको के लिए पहला गोल किया। हालांकि, पहले हाफ के अंत तक इंग्लैंड 2-1 की बढ़त कायम रखने में सफल रहा।

दूसरे हाफ की शुरुआत में ही इंग्लैंड को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब इंग्लैंड के खिलाड़ी जारेल क्वान्सा को जीसस गैलार्डो को गलत तरीके से चैलेंज करने के कारण रेफरी ने रेड कार्ड थमा दिया। क्वान्सा फीफा वर्ल्ड कप इतिहास में रेड कार्ड पाने वाले चौथे इंग्लिश खिलाड़ी बने। हालांकि, इसके बाद इंग्लैंड को बचे हुए मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

फीफा विश्व कप 2026: एकता और लड़ने का जज्बा मेक्सिको की सफलता का कारण, स्ट्राइकर राउल जिमेनेज का बयान



नई दिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में सोमवार को मेक्सिको का मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ होना है। इस मैच के लिए मेक्सिको पूरी तरह तैयार है। मेक्सिको का अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम के स्ट्राइकर राउल जिमेनेज का मानना ??है कि विश्व कप में उनकी टीम के जोरदार प्रदर्शन की वजह एकता और लड़ने का जज्बा है। जिमेनेज ने फीफा से बातचीत के दौरान कहा, 'हम पूरी तरह से अपने लक्ष्य पर केंद्रीत एकजुट हैं। एकजुटता और एक पारिवारिक भावना हमें बड़ी चीजों के लिए प्रेरित रही है। हमें मेक्सिको में अभी एक और मैच खेलना है। हम पूरी तरह से जानते हैं कि क्या दांव पर लगा है।' उन्होंने कहा, 'हम अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। हमारी टीम सच में बहुत मजबूत है। जेवियर एगुइरे के चार्ज संभालने के बाद से हम सब एक साथ हैं। आसमान ही हमारे लिए सीमा है।'

जन शिकायतों का हो रहा त्वरित व प्रभावी समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन मदनपुर प्रखंड अंतर्गत नीमा अजान पंचायत में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर लाभुकों के बीच ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण भी किया गया। इस सहयोग शिविर के माध्यम से जिले में प्राप्त कुल 1182 आवेदनों में आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया भी प्राथमिकता के आधार पर जारी है। वहीं नीमा अजान पंचायत से प्राप्त 148 आवेदनों में से 109 आवेदनों का निष्पादन किया गया। अपने संबोधन में विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि पहले आम लोगों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता था जिससे समय एवं धन दोनों की हानि होती थी। आज राज्य सरकार की पहल के कारण प्रशासन स्वयं पंचायत स्तर पर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है तथा सहयोग शिविर जैसी पहल आम नागरिकों को प्रशासन से सीधे जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रही है। विधायक ने जिला प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि औरंगाबाद जिले के सभी पदाधिकारी अत्यंत सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं तथा सरकार की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि आज शिविर में 22 विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार चाहती है कि प्रत्येक नागरिक को सभी आवश्यक सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं अपनी समस्याओं को खुलकर रखें तथा विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें बल्कि प्रशासन स्वयं लोगों के द्वार तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करे। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सभी पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों से आवेदन प्राप्त किए जाते हैं किंतु यह व्यवस्था केवल शिविर की तिथि तक सीमित नहीं है। इसके लिए सहयोग पोर्टल भी उपलब्ध है जहां कोई भी नागरिक किसी भी समय अपनी समस्या अथवा शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक नीमा अजान पंचायत से कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए हैं किंतु उनका विश्वास है कि अभी भी अनेक लोगों की समस्याएं शेष हो सकती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि भूमि विवाद, नल-जल योजना, विद्युत आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत योजना अथवा किसी भी अन्य सरकारी योजना से संबंधित समस्या होने पर वे बिना किसी संकोच के आवेदन प्रस्तुत करें।

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुम सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। नवबिहार टाइम्स ने अपने 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक, औरंगाबाद मंडल के मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुम को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं और ग्राहकों के हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। श्री कुसुम के नेतृत्व में पंजाब नेशनल बैंक के औरंगाबाद मंडल के अंतर्गत औरंगाबाद, रोहतास एवं अरवल जिलों में संचालित 75 शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई प्रभावी पहल की गई है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद शाखाओं में ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार, बैंकिंग प्रक्रियाओं को अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इससे ग्राहकों को बैंकिंग लेन-देन के साथ-साथ अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ पहले की अपेक्षा अधिक सुगमता से मिल रहा है। पीएनबी की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, किसान एवं स्वरोजगार से जुड़ी ऋण योजनाएं तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में बैंक की शाखाएं निरंतर कार्य कर रही हैं। नवबिहार टाइम्स की ओर से आज यह सम्मान मंडल प्रमुख के कार्यालय में प्रबंधन से जुड़े मदन मोहन श्रीवास्तव एवं अटल बिहारी सिंह ने प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद कंदर्प कुसुम ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे पंजाब नेशनल बैंक परिवार का सम्मान है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और त्वरित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भविष्य में भी ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने तथा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बैंक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार-झारखंड सीमा से सटे हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कौवाखोह रजवार मोड़ स्थित एनएच-139 फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुल्तानी गांव निवासी महेंद्र रजक के 21 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार रजक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विमलेश किसी कार्य से हरिहरगंज बाजार गया था और बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बारिश के कारण सड़क गीली थी। कौवाखोह रजवार मोड़ के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिसमें वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हरिहरगंज पहुंचाया जहां से सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। बाद में यहां से गयाजी स्थित मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे एंबुलेंस से गयाजी ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिजन शव को वापस औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। विमलेश कुमार रजक अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों के अनुसार वह पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी अपने पिता और भाइयों का सहयोग करता था। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में शोक का माहौल है।

राजन ममता ग्रुप के निदेशक अंकित राज को नवबिहार टाइम्स सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। नवबिहार टाइम्स के 37वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक अंकित राज को आज प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और समाज के प्रति योगदान के लिए नबिटा के निदेशक कौस्तुभ किशोर ने प्रदान किया। राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस पिछले कई वर्षों से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। संस्थान में फार्मेसी, नर्सिंग, मैनेजमेंट, सूचना प्रौद्योगिकी तथा पत्रकारिता सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यहां आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, अनुभवी शिक्षकों एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर करियर के लिए तैयार किया जाता है। संस्थान के निदेशक अंकित राज ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि यह सम्मान पूरे संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को कौशलयुक्त, आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने योग्य बनाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्थान शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विद्यार्थियों को रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

प्रेमी गया जेल

मदनपुर(नबिटा संवाददाता)। शादी से इंकार करने पर युवती के आत्महत्या मामले में आरोपित को मदनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान मंझार गांव निवासी ओसामा अहमद के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मदनपुर थाना क्षेत्र के मंझार गांव में बीते दिनों एक युवती ने फांसी लगा ली थी। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में की गई जिसमें आरोपी ओसामा अहमद पकड़ा गया। आरोप है कि दोनों शादी करना चाहते थे। बाद में आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। इसको लेकर लड़की आहत थी और उसने सुसाइड कर लिया। इसके बाद युवती ने अपने घर के पीछे एक पेड़ में दुपट्टा से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से यह फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर आरोपी पकड़ा गया। इस कार्रवाई में महिला एसआई रुपा कुमारी सिन्हा सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 15 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो में 1, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 15 तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 165 देसी शराब एवं 1 बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1092 वाहनों की जांच की गई जिसमें 57500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 19 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा 26 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फरार आरोपितों के घर चिपकाया इश्तेहार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। फरार अभियुक्तों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत औरंगाबाद पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में इश्तेहार चस्पा करने की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने ढोल-नगाड़ा बजाकर लोगों को न्यायालय के आदेश की जानकारी भी दी। नवीनगर, ओबरा एवं कुटुम्बा थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में अलग-अलग कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों के घरों पर विधिवत इश्तेहार चस्पा किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ढोल-नगाड़ा बजाकर न्यायालय के आदेश का सार्वजनिक उद्घोष कराया और अभियुक्तों को शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी।

स्वास्थ्य उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित हुए डॉ. विकास कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



दाउदनगर (औरंगाबाद)। नई दिशा परिवार द्वारा दाउदनगर निवासी डॉ. विकास कुमार को प्रतिष्ठित स्वास्थ्य उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान मणिपुर और सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्राप्त करना एक अनमोल पल था। बताया कि सबसे बड़ा पुरस्कार स्वयं मान्यता नहीं है बल्कि उन लोगों के जीवन में बदलाव लाने का अवसर है जिन्हें हमारी सबसे अधिक आवश्यकता है। फिर भी जब समाज आपके प्रयासों को स्वीकार करता है तो यह आपके संकल्प को मजबूत करता है, आपके मनोबल को बढ़ाता है और आपको याद दिलाता है कि प्रत्येक बलिदान, प्रत्येक निःस्वार्थ रात्रि और प्रत्येक चुनौती सार्थक रही है। उन्होंने रोटरी पाटलिपुत्रा को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने सम्मानित किया और समाज में डॉक्टरों के योगदान को मान्यता दी। यह मात्र एक पुरस्कार नहीं है। यह अधिक करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा जारी रखने का दायित्व है। डॉ. विकास ने कहा कि प्रत्येक रोगी का उपचार, प्रत्येक जीवन को स्पर्श और प्रत्येक मुस्कान का पुनर्जीवन याद दिलाता है कि मैंने यह मार्ग क्यों चुना। यह सम्मान मेरे परिवार, मार्गदर्शकों, सहकर्मियों और टीम के उतने ही हैं जितने मेरे। उनके अटूट समर्थन ने इस यात्रा को संभव बनाया है।

आद्रा मेला संपन्न, वैष्णो देवी गुफा रही आकर्षण का केंद्र

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। जिले के ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध मां सतबहिनी मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक आद्रा मेला श्रद्धा, आस्था और उल्लास के माहौल में संपन्न हो गया। मेले में जिले के अलावा पड़ोसी जिलों एवं अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां सतबहिनी के दरबार में पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। इस वर्ष के मेले का सबसे बड़ा आकर्षण पहली बार तैयार की गई मां वैष्णो देवी धाम की प्रतिकृति गुफा रही। आकर्षक ढंग से निर्मित इस गुफा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें गुफा के दर्शन के लिए लगी रहीं।

सम्मानजनक वेतनमान और सेवा सुरक्षा मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने, वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के समायोजन और शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान और सेवा सुरक्षा देने की मांग को लेकर कांग्रेस सेवा दल के बैनर तले दानी बिगहा स्थित धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में वित्त रहित विद्यालयों और महाविद्यालयों से पहुंचे शिक्षकों और कर्मचारियों ने सरकार से लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की भी मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक पहल नहीं की, तो आंदोलन को राज्यव्यापी स्तर पर और तेज किया जाएगा। धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष सह रामलखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद के प्राचार्य डॉ. संजय यादव ने कहा कि बिहार की वित्त रहित शिक्षा व्यवस्था से जुड़े हजारों शिक्षक पिछले चार दशकों से उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में शिक्षा का दीप जलाने वाले शिक्षकों को आज तक नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। यह आंदोलन केवल वेतन की मांग नहीं बल्कि शिक्षकों के सम्मान और उनके अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सम्मानजनक वेतनमान और सेवा सुरक्षा मिलने तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा। धरना की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रो. अटल बिहारी वाजपेयी ने की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

एक ही रात टूटा चार घरों का ताला, लाखों के जेवर व नकदी लेकर चोर फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा(औरंगाबाद)। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीण इलाकों से लेकर कस्बाई क्षेत्रों तक सक्रिय चोरों ने सोमवार की मध्यरात्रि अंबा थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में एक ही रात चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी की चोरी कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ितों में सिंहपुर निवासी रामाशीष मेहता, दिलीप मेहता, बृहस्पति मेहता और शहाबू अंसारी शामिल हैं। पीड़ितों के अनुसार चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और सीढ़ी से नीचे उतरकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद मुख्य दरवाजा खोलकर फरार हो गए। घटना के समय सभी लोग घर और आंगन में सो रहे थे, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। रामाशीष मेहता ने बताया कि चोर उनके घर से एक बक्सा और ट्रॉली बैग उठा ले गए। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि पीड़ितों द्वारा आवेदन दिया गया है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

नवबिहार टाइम्स के 37वें स्थापना दिवस पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



अशोक कुमार
थानाध्यक्ष
औरंगाबाद मुफस्सिल

थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए संकल्पित

प्राथमिकता के आधार पर करें प्राप्त शिकायतों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को पटना में आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय 'सहयोग शिविर' के संबंध में मुख्य सचिवालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा-सह-समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार तथा संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में राज्य स्तरीय 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। प्रथम राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन 14 जुलाई 2026 को 'संवाद', मुख्यमंत्री सचिवालय, 4 देशरत्न मार्ग, पटना में किया जाएगा। यह शिविर विशेष रूप से आवेदकों के लिए आयोजित किया जा रहा है, अतः सभी संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया की सभी लम्बित आवेदनों को शीघ्र निष्पादन करे। राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक संबंधित पोर्टल पर अपने पूर्व आवेदन के रेफरेंस नंबर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत चयनित आवेदकों को शिविर में तिथि एवं समय की सूचना एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।



नवबिहार टाइम्स के 37वें स्थापना दिवस पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

जनता महाविद्यालय

(मगध विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त)
लभरी परसावां, अम्बा (औरंगाबाद)

हमारी विशेषताएं

- स्नातक डिग्री (कला एवं विज्ञान संकाय) में शिक्षा ग्रहण करने के लिए कुटुम्बा प्रखंड का उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान
- योग्य एवं अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन।

रामाश्रय सिंह उर्फ लोहा सिंह
प्राचार्य